RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-258 जयपुर, रविवार, 15 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये

शिवालिक और नंदा नाम के एलपीजी टैंकर होर्मुज पार किया

## 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट भारत आ रहा, दूर होगा एलपीजी संकट

नई दिल्ली

देश में घरेलू रसोई गैस आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए दो भारतीय जहाज जल्द ही गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचने वाले हैं। इनमें कुल 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है और ये 16-17 मार्च को गुजरात के प्रमुख पोर्ट्स पर डॉक करेंगे। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार इन जहाजों को प्राथमिकता के आधार पर बंदरगाह पर लगाने की व्यवस्था की है ताकि गैस आपूर्ति प्रभावित न हो। इससे रसोई गैस की उपलब्धता बनाए रखने और संभावित संकट को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि महानिदेशालय नौवहन भारतीय ध्वज वाले जहाजों और उन पर तैनात भारतीय नाविकों की स्थिति पर लगातार नज़र रखे हुए है। इसके लिए जहाज मालिकों, आरपीएसएन



एजेंसियों और भारतीय राजनयिक मिशनों के साथ समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में पोत परिवहन के कंट्रोल रूप में पिछले 24 घंटों में 312 फोन कॉल व 460 ई-मेल प्राप्त हुए हैं। ये संदेश नाविकों, उनके परिजनों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े हैं। सभी कॉल व इमेल के जवाब दिए गए है। कुल मिलाकर अब तक 5000 कॉल और 5000 ई-मेल के जवाब दिए गए हैं।

सिन्हा ने बताया कि फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में उनके साथ किसी भी तरह की अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में 24 भारतीय-ध्वज वाले जहाज़ मौजूद थे। इनमें से दो जहाज़ शिवालिक और नंदा देवी जो दोनों एलपीजी कैरियर है, आज तड़के सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं और अब भारत की ओर बढ़ रहे हैं। जहाज़ों में लगभग 92,700 मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है। शिवालिक के मुंद्रा पोर्ट पर 16 मार्च को पहुंचने की संभावना है और नंदा देवी जहाज के कांडला बंदरगाह पर 17 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है। इसके परिणामस्वरूप अब फारस की खाड़ी में 22 भारतीय-ध्वज वाले जहाज़ शेष हैं, जिन पर कुल 611 भारतीय नाविक सवार हैं।

### पीएनजी कनेक्शन वालों को नहीं मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

अगर आपके घर में पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन है, तो अब आपको अपना LPG सिलेंडर को सरेंडर करना होगा। देश में गहराते गैस संकट के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने सप्लाई के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए आदेश के मुताबिक, PNG यूजर्स को न तो नया LPG कनेक्शन मिलेगा और न ही पुराना सिलेंडर रिफिल होगा। सरकार इससे पहले सप्लाई को लेकर 9 दिन में 3 बार नए नियम जारी कर चुकी है।

### देश में ऊर्जा संकट नहीं है, पैनिक बुकिंग से बचें : केंद्र

*पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी सिलेंडर की कही कोई कमी नहीं है। सरकार ने यह भी कहा कि लोगों को एलपीजी की पैनिक बुकिंग से बचना चाहिए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भौगोलिक हालात को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता की बात बनी हुई है। हालांकि अभी तक स्टॉक खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि एलपीजी पैनिक बुकिंग के मामले बहुत ज्यादा हैं। शुक्रवार को जो आंकड़ा शेयर किया था उसमें लगभग 76 लाख बुकिंग अब बढ़कर 88 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों को लाइन में खड़े होनी की आवश्यकता नहीं है।*

## राजस्थान के 10 जिलों में बारिश का अलर्ट

### बादल छाए, जयपुर समेत कई जिलों में 3 डिग्री तक गिरा पारा

जयपुर

उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर शनिवार को राजस्थान के कुछ हिस्सों में देखने को मिला। अजमेर, पाली, टोंक, जयपुर, सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में दोपहर बाद बादल छाए, जिससे तेज धूप और गर्मी से राहत मिली।

कोटा, जोधपुर, जयपुर समेत कई जिलों में तापमान 1 से 3 डिग्री तक गिर गया। आज राज्य के सभी शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। बाड़मेर में सबसे ज्यादा 39 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के विशेषज्ञों ने बताया- इस सिस्टम के असर से देर रात जयपुर, अजमेर समेत कुछ स्थानों पर धूलभरी हवा चलने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, 15 मार्च को 10 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में शनिवार को सुबह से दोपहर तक आसमान साफ रहा और धूप निकली। दोपहर करीब 2 बजे बाद कुछ शहरों में आसमान में बादल छाने लगे। जयपुर, अजमेर, पाली, टोंक, सवाई माधोपुर के अलावा जोधपुर, बाड़मेर के आंशिक हिस्सों में बादल छाए। बादलों छाने के साथ इन शहरों में हल्की हवा भी चली। इससे गर्मी थोड़ी कम हुई और लोगों को तेज धूप से राहत रही।

राजधानी जयपुर में आज अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री, अलवर में 34 डिग्री, सिरोही में 32.6 डिग्री, करौली में 34.5 डिग्री, झुंझुनूं में 33.5 डिग्री, सीकर में 34.5 डिग्री, पिलानी में 34.7 डिग्री, गंगानगर में 33.9 डिग्री दर्ज हुआ।

दिन में तापमान गिरने से गर्मी से राहत मिलने के साथ ही रात में भी गर्मी से राहत है। प्रदेश के कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है।

### 18 मार्च से नया सिस्टम एक्टिव होगा

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- वर्तमान में एक सिस्टम एक्टिव है, जिसका प्रभाव 15 मार्च तक रहेगा। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में गर्मी से थोड़ी राहत मिली। कुछ शहरों में पिछले एक-दो दिन में तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर गया। 16 और 17 मार्च को प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। 18 मार्च से फिर एक नया सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके असर से राज्य में 18 और 19 मार्च को आंधी-बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना है। इन दोनों सिस्टम के असर से राज्य में 20-21 मार्च तक तापमान ?कंट्रोल रहेगा और लोगों को हीटेवव, तेज गर्मी से राहत रहेगी।

बेगूसराय में सीएम नीतीश की सुरक्षा में चूक

## हेलीपैड में घुसा बैल, पुलिस वालों को दौड़ाया



**बेगूसराय।** सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा बेगूसराय पहुंची। सभा को संबोधित कर करते हुए सीएम ने कहा, 'हम लोगों की सरकार आपके लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र भी लगातार मदद कर रही है। 2005 में NDA की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है। हमारी सरकार आने से पहले पुरानी वाली सरकार ने बुरा हाल कर रखा था। सीएम के पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। समृद्धि यात्रा के तहत ष्टरू जिस हेलीपैड पर उतरने वाले थे वहां एक बैल घुस गया। बैल ने वहां मौजूद पुलिस वालों को दौड़ा दिया। बचने के लिए एक पुलिसकर्मी फायर ब्रिगेड की गाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बाहर खदेड़ा।

## उदयपुर में 2 दोस्तों को तलवारों से काटा

### गांव में तनाव, 6 थानों की पुलिस तैनात

उदयपुर

उदयपुर में बदमाशों ने तलवारों से हमला कर 2 दोस्तों की हत्या कर दी। बीच-बचाव करने आए एक किराना दुकानदार पर भी बदमाशों ने हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना झाड़ोल क्षेत्र के सैलाना गांव की है।

हत्या की घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने



शनिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए गांव में 6 थानों की पुलिस तैनात की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है और मामले की जांच कर रही है।

बाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम ने बताया- शुक्रवार को रात करीब 8 बजे सुरेश (25) पुत्र अमृत अहारी और भैरूलाल (27) पुत्र प्रभुलाल बड़गोजा निवासी रिछावर बाइक पर सैलाना गए थे। रास्ते में बाइक सवार 6 बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और तलवारों और हथियारों से हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के समय पास ही किराना की दुकान चलाने वाले सुमित (30) पुत्र रूपजी ने शोर सुना तो बीच-बचाव करने आया। बदमाशों ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाधिकारी ने बताया- शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन बदमाश वहां से भाग निकले। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल दुकानदार को एंबुलेंस से झाड़ोल उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे उदयपुर रेफर कर दिया गया।

## हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस की गाड़ियों को मारी टक्कर, पुलिस ने 8 किलोमीटर तक पीछा किया

झुंझुनूं

झुंझुनूं में देर रात हिस्ट्रीशीटर और पुलिसकर्मी आमने-सामने हो गए। पुलिस से बचने के लिए हिस्ट्रीशीटर रोहित महला ने पुलिस की गाड़ियों को टक्कर मारी। इस हादसे में एएसआई समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

मामला जिले के गुढ़ागौड़जी कस्बे में शुक्रवार रात करीब 9 बजे का है। करीब डेढ़ घंटे तक पुलिस बदमाश का 8 किलोमीटर तक पीछा करता रहा। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ की ढाणी निवासी और गुढ़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर रोहित किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए घुम रहा था। वहीं पुलिस तीन दिनों से उसकी घेराबंदी की तैयारी कर रही थी। इस बीच शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे पुलिस कसे रोहित की लोकेशन मिली। इस पर गुढ़ागौड़जी थाने के एएसआई सज्जन कुमार अपनी टीम ड्राइवर भूपेंद्र और कॉन्स्टेबल अशोक और रविकांत के साथ मिलकर उसे पकड़ने के लिए रवाना हुए। बांडिया नाले के पास पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की पिकअप को दोनों तरफ से घेर लिया। एक गाड़ी रोहित के आगे और दूसरी गाड़ी को पीछे लगा दिया। ऐसे में बदमाशा ने भागने की कोशिश की और पुलिस की गाड़ियों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गया।

## अडाणी पावर प्लांट में आगजनी, गाड़ियों में तोड़फोड़

### सिंगरौली में लेबर की मौत पर भड़के, कर्मचारी को पीटा

सिंगरौली

सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक



अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था।

मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव छिपाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ये अफवाह भी फैली कि मजदूर लल्लन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हुई है।

## बीकानेर में एसपी दफ्तर के सामने खुद को आग लगाने वाले पूर्व वार्ड पंच की मौत

**बीकानेर।** संभाग मुख्यालय के एसपी दफ्तर के सामने पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाने वाले पूर्व वार्ड पंच रामलाल (35) की मौत हो गई। उनका इलाज जयपुर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में चल रहा था। रामलाल सोशल मीडिया पर खुद को भाजपा नेता बताते थे। हालांकि भाजपा के देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया का कहना है कि रामलाल पार्टी से जुड़े हुए नहीं थे।

बीकानेर कोतवाली थाने के एएसआई तनेराव सिंह के अनुसार, खाजूवाला क्षेत्र के 4 बीजीएम भागू गांव के रहने वाले रामलाल 13 मार्च की दोपहर एसपी दफ्तर आए थे। उस समय एसपी कावेंद्र सिंह सागर अपने ऑफिस में थे। करीब 3 बजे अचानक एसपी ऑफिस से रामलाल चिल्लाते हुए बाहर निकले और खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। लपटों के बीच घिरे रामलाल को देख पुलिसकर्मी तुरंत दौड़े और आग बुझाकर उसे पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचाया।

## सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया

### 170 दिन बाद जोधपुर जेल से रिहा

नई दिल्ली/जोधपुर

केंद्र सरकार ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता व इंजीनियर सोनम वांगचुक पर



लगा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। वांगचुक इस अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय बिता चुके हैं। लद्दाख के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार दोपहर जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया। करीब 170 दिन तक जेल में रहने के बाद केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ लगे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। रिहाई के बाद सोशल मीडिया पर वांगचुक ने लिखा, मैं सक्रियता से पीछे नहीं हटा हूं। हमारा संघर्ष लद्दाख की सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए था और आगे भी रहेगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि लद्दाख में शांति, स्थिरता व आपसी विश्वास का माहौल बनाने व सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक और सार्थक संवाद को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार का यह फैसला उस समय आया जब सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक की पत्नी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 17 मार्च को होने वाली थी। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने के लिए उनकी हिरासत खत्म करने का निर्णय लिया गया।

वांगचुक को 24 सितंबर 2025 को लद्दाख प्रशासन ने हिरासत में लिया था, जिसके बाद 26 सितंबर को उन्हें जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया। उन पर लद्दाख में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुई हिंसा भड़काने का आरोप था, जिसमें चार लोगों की मौत हुई और 150 से अधिक लोग घायल हुए थे। सोनम वांगचुक इस अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय बिता चुके हैं।

कोलकाता में भाजपा की मेगा परिवर्तन संकल्प रैली को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

## टीएमसी के किसी हत्याचारी को सरकार नहीं छोड़ेगी: मोदी

### बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा

कोलकाता

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज



हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार!

### निर्मम सरकार बौखला गई है- पीएम मोदी

सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा- कल टीएम ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी। भाजपा और एनडीए के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है। श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, ऋषि बंकिमचंद्र, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी सभी महान विभूतियों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी। भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी, नवनिर्माण करेगी।

## राज्यसभा चुनावः भाजपा ने ओडिशा से 82 विधायक पारादीप भेजे

### राज्य की 4 सीटों पर 16 मार्च को वोटिंग

भुवनेश्वर

ओडिशा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है। शनिवार शाम भुवनेश्वर स्थित भाजपा मुख्यालय में बैठक के बाद मंत्री और विधायक दो लग्जरी बसों से पारादीप के लिए रवाना हुए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी विधायक पारादीप में दिलीप राय के होटल में ठहरेंगे।

इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला रिजॉर्ट भेजा था। ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिसमें भाजपा को दो और बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है।

चौथी सीट के भाजपा और बीजेडी प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव 16 मार्च को होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी।

### बीजेपी बोली- पारादीप में वोटिंग ट्रेनिंग देंगे

खाद्य आपूर्ति मंत्री केसी पात्रा और कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि 16 मार्च के राज्यसभा चुनाव में भाजपा को चार में से तीन सीटें जीतने का भरोसा है और वोट अमान्य न हों, इसके लिए विधायकों को पारादीप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा ने डिप्टी चीफ व्हिप पीके देब को मतदान के लिए अधिकृत एजेंट बनाया है। वहीं ओडिशा विधानसभा में शनिवार को मॉक ड्रिल भी हुई, क्योंकि 147 सदस्यीय सदन में 84 विधायक पहली बार चुने गए हैं, इसलिए प्रशिक्षण जरूरी माना गया।

### BJP-BJD ने कैंडिडेट्स घोषित किए

BJD ने संतृप्त मिश्रा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, और BJP ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए ओडिशा पार्टी प्रमुख मनमोहन सामल और सुजीत कुमार के नाम का ऐलान किया है।

बीजू जनता दल ने गुरुवार को पार्टी के सभी विधायकों के लिए 'थ्री-लाइन व्हिप' जारी किया। इसमें विधायकों को निर्देश दिया गया कि वे भुवनेश्वर में होने वाली पार्टी की बैठकों में अनिवार्य रूप से मौजूद रहें।

## इजराइल में हैं यूपी के 6004 श्रमिक, सभी के सुरक्षित होने का दावा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि इजराइल में कार्यरत राज्य के निर्माण श्रमिकों की कुशलक्षेम पर लगातार नजर रखी जा रही है और वर्तमान में किसी प्रकार की चिंता की स्थिति नहीं है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एमके शनुगा सुन्दरम् ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कुल 6004 निर्माण श्रमिक इजराइल में विभिन्न निर्माण कंपनियों में कार्यरत हैं। इन श्रमिकों का चयन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पीबा (पापुलेशन, इमीग्रेशन एंड बार्डर अथारिटी) के माध्यम से किया गया था और वर्ष 2024 के दौरान उन्हें इजराइल भेजा गया था। उन्होंने बताया कि ये सभी श्रमिक इजराइल की अलग-अलग निर्माण परियोजनाओं में नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार उनके कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी बनाए हुए है और इस संबंध में भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास से निरंतर संपर्क रखा जा रहा है। इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने भी राज्य सरकार को अवगत कराया है कि स्थिति नियंत्रण में है और दूतावास लगातार श्रमिकों के संपर्क में है। फिलहाल किसी श्रमिक ने भारत लौटने को लेकर चिंता व्यक्त नहीं की है। दूतावास ने आपात स्थिति के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन और ईमेल सुविधा भी जारी की है, जिसके माध्यम से भारतीय नागरिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## ड्रोन से गिराया गया संदिग्ध पैकेट, इलाके में हड़कंप

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू के आर.एस. पुरा सेक्टर में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को एक संदिग्ध खेप बरामद हुई है। गुरुवार को देर रात लगभग 11:00 बजे, आर.एस. पुरा सेक्टर में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास बीएसएफ द्वारा एक संदिग्ध पैकेट बरामद की गई है। माना जा रहा है कि खेप को एक पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराया गया था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह खेप सीमावर्ती इलाके में एक लिपटे हुए पैकेट के रूप में मिली, इसका वजन करीब 1500 ग्राम था। सूचना मिलते ही, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और इलाके को सुरक्षित किया। बरामद किए गए पैकेट को अभी तक खोला नहीं गया है। बताया जा रहा है कि पैकेट को केवल मेटल डिटेक्टर से उचित जांच के बाद ही खोला जाएगा, ताकि इसके अंदर किसी भी विस्फोटक सामग्री की संभावना को पूरी तरह से खत्म हो सके। बरामद की गई खेप की आगे की जांच और तकनीकी परीक्षण जारी है। गौरतलब है कि बदादुरपुर गांव के बाहरी इलाके में खेतों से एक जॉइंट ऑपरेशन में 12 करोड़ कीमत के हाई ग्रेड नारकोटिक्स (संदिग्ध ड्रग्स डोपिंग) की भारी मात्रा बरामद की गई। यह इलाका भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर से बस कुछ किलोमीटर दूर है।

## 13 साल से कम उम्र के यूजर्स के लिए नए पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट ला रहा व्हाट्सएप

नई दिल्ली (एजेंसी)। व्हाट्सएप ने बड़ा ऐलान किया है कि 13 साल से कम उम्र के यूजर्स के लिए नए पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट नाम की शुरुआत कर रहा है। यह सिर्फ कॉलिंग और मैसेजिंग तक सिमट कर रह जाएंगे। पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट की मदद से माता-पिता अपने बच्चों की कम्युनिकेशन गतिविधियों को कंट्रोल कर सकते है। कंपनी ने बताया है कि आने वाले दिनों में इस रोलआउट करेगी। हालांकि किसी टाइम लाइन का जिक्र नहीं किया है। नए पेरेंट कंट्रोल के तहत माता-पिता ये तय कर सकते हैं कि उनका बच्चा किन लोगों से बातचीत कर सकता है और किन लोगों से नहीं। व्हाट्सएप के पेरेंट्स मैनेज्ड अकाउंट के तहत छोटे बच्चों को मेटा एआई, जैसे फीचर्स का एक्सेस नहीं मिलेगा। साथ ही कंपनी इन अकाउंट्स से मिलने वाले डेटा का यूज विज्ञापन के लिए नहीं करेगी। पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट को सक्रिय करने के लिए माता-पिता को अपने और अपने बच्चे के डिवाइस एक साथ रखना होगा। इसके बाद क्विक रिस्पॉन्स कोड के जरिए दोनों डिवाइस को लिंक करना होगा। पेरेंट मैनेज्ड अकाउंट के तहत यूजर्स को सख्त डिफॉल्ट सेटिंग्स, पेरेंट कंट्रोल और बेहतर किया गया है। कंपनी ने बताया है कि 13 साल से कम उम्र वाले यूजर्स के लिए ये अकाउंट खासतौर से बनाए गए हैं। पैरेंट्स अनजान लोगों से आने वाले मैसेज रिक्वेस्ट को भी रिव्यू कर सकते हैं। व्हाट्सएप ने बताया है कि इन सेटिंग्स को सिर्फ पेरेंट्स ही बदल सकते हैं। जिसके लिए पहले पिन नंबर से वेरिफाई करना होगा।

## आगरा में युवती ने वीडियो वायरल कर दी जान, आरोपी पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

आगरा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के आगरा से खाकी को शर्मसार करने वाला एक बेहद दुखद और गंभीर मामला सामने आया है। ताजगंज थाना क्षेत्र में एक युवती ने कथित तौर पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मौत को गले लगाने से पहले युवती ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया, जिसमें उसने अपनी आपबीती बताते हुए एक पुलिस कांस्टेबल पर गंभीर आरोप लगाए। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और न्याय प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़िता आगरा के ताजगंज थाने में ही तैनात कांस्टेबल जेबी गौतम के साथ पिछले काफी समय से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। युवती का आरोप था कि सिपाही ने उसे शादी का झांसा दिया और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। दोनों के बीच रिश्ते की शुरुआत भरोसे के साथ हुई थी, लेकिन वक्त के साथ यह भरोसा उत्पीड़न और धोखे में बदल गया। युवती ने अपने अंतिम वीडियो में स्पष्ट रूप से कहा कि कांस्टेबल ने उसे चार साल तक पत्नी की तरह साथ रखा, लेकिन जब शादी की बात आई, तो उसने अपने परिवार का बहाना बनाकर हाथ पीछे खींच लिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में युवती का दर्द साफ छलक रहा था। उसने रोते हुए कहा, जेबी गौतम ने मुझे चार साल बीवी बनाकर रखा और अब छोड़ दिया। जब भी शादी के लिए कहती हूं, तो वह कहता है कि परिवार नहीं मानेगा। युवती ने सिस्टम पर सवाल उठाते हुए यह भी कहा कि क्या वह पुलिसवाला है, इसलिए उस पर कोई कार्रवाई नहीं होगी? उसने वीडियो में आरोपी कांस्टेबल और उसके परिवार को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए मांग की कि उसे जीते जी न्याय नहीं मिला, लेकिन मरने के बाद जरूर मिलना चाहिए घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। परिजनों की तहरीर और वायरल वीडियो को आधार मानकर आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया।

# दो दशक पुराने वामपंथ को हराकर सीएम बनी ममता... क्या 2026 में दोहरा पाएंगी 2021 की सफलता

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल का राजनीतिक परिदृश्य 2016 के विधानसभा चुनावों से लेकर 2021 और 2026 के चुनावों की तैयारी तक काफी बदल चुका है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रभुत्व वाली 294 सीटों वाली विधानसभा में वाम-कांग्रेस गठबंधन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बढ़ती लोकप्रियता और टीएमसी के सुदृढ़ीकरण के बीच उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा हैं, जो क्षेत्रीय गतिशीलता, जनसांख्यिकी और मतदाता सूची में बदलाव से प्रभावित हैं।

2016 में टीएमसी ने 2011 की वाम-विरोधी लहर को और मजबूत कर 211 सीटों के साथ भारी बहुमत हासिल किया। वाम मोर्चा-कांग्रेस गठबंधन को केवल 32 सीटें मिलीं (गठबंधन के हिसाब से सीपीएम को 26 और कांग्रेस को 0), जिनमें कोलकाता, मुर्शिदाबाद और घाटाल जैसे औद्योगिक क्षेत्रों की कुछ सीटें शामिल थीं। भारतीय जनता पार्टी को केवल 3 सीटें मिलीं, जो मुख्य रूप से दार्जिलिंग और शहरी बाहरी इलाकों में थीं, जो राज्य में भगवा पार्टी की शुरुआती उपस्थिति का संकेत देती हैं। टीएमसी ने दक्षिण बंगाल (उदाहरण के लिए दक्षिण 24 परगना में 31/31) और शहरी कोलकाता (11 में से अधिकांश सीटें) में शानदार जीत हासिल की, जबकि मुर्शिदाबाद जैसे मुस्लिम बहुल जिलों और ग्रामीण हुगली में वामपंथियों की ताकत बनी रही। 2011 के परिसीमन के बाद 23 जिलों में 294 निर्वाचन क्षेत्रों को स्थिर किया गया, जिससे टीएमसी के ग्रामीण आधार को मजबूती मिली।

इसके बाद 2021 के चुनावों ने एक बड़ा बदलाव ला दिया, इसमें भाजपा ने हिंदुत्व-एनआरसी के मंच पर 77 सीटें जीतकर जबरदस्त बढ़त हासिल की। बीजेपी ने जंगलमहल (पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुरा~30 सीटें) और उत्तर बंगाल (दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी) में भी बढ़त बनाई। संदेशखाली जैसे मुद्दों और कोविड प्रबंधन में हुई गड़बड़ियों को लेकर सत्ता विरोधी लहर के बावजूद टीएमसी ने वापसी कर 213 सीटें जीतीं। टीएमसी ने अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों (मालदा, मुर्शिदाबाद, दो 24 परगना~ बड़ी बढ़त) में दबदबा बनाए रखा और दक्षिण 24 परगना (31 सीटें), हावड़ा (16) और हुगली (18) में अपनी सीटें बरकरार रखीं। भाजपा ने सीमावर्ती और आदिवासी क्षेत्रों में जीत हासिल की, लेकिन मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा, जहां टीएमसी की कल्याणकारी योजनाओं ने 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर दिलाए।

अब मार्च 2026 तक, अप्रैल-मई में चुनाव होने वाले हैं, और 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को समाप्त हो रहा है। विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के बाद मतदाता सूचियों से 63.66 लाख नाम (मतदाताओं के 10 प्रतिशत से अधिक) हटा दिए गए हैं, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों, मतुआ (नमशूद्र) क्षेत्र और अल्पसंख्यक जिलों की 125 से अधिक सीटों पर जनसांख्यिकी में बदलाव आया है। इसके प्रभावों में मतुआ और उत्तरी बंगाल के उन क्षेत्रों में बीजेपी की संभावित बढ़त शामिल है, जहां नाम हटाए गए हैं, और यह टीएमसी के अल्पसंख्यक गढ़ों जैसे मुर्शिदाबाद और मालदा को चुनौती दे सकता है, जहां नाम हटाए जाने से भारी नुकसान हुआ है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना (कुल 64 सीटें), पुरबा बर्धमान (16) और पुरबा मेदिनीपुर (16) जैसे जिलों में उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है, जहां राजकोषीय तनाव (अनुमानित 62,000 करोड़ रुपये का घाटा) विपक्षी चर्चाओं को बल दे रहा है।

भाजपा ने सीमावर्ती और जंगलमहल क्षेत्रों में हिंदुओं के बीच नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (सीएए-एनआरसी) के भय का फायदा उठाते हुए अपनी सीटें 3 से बढ़ाकर 77 कर लीं, जबकि टीएमसी ने मुस्लिम वोट बैंक (30-40 प्रतिशत वोट बैंक) को एकजुट करके इसका मुकाबला किया। 2011 के बाद परिसीमन ने सीमाएँ तय कर दीं, लेकिन 2026 के एसआईआर मतदाता सूची ने नरम पुनर्निर्धारण का काम किया, जिससे मतुआ (नागरिकता के बाद) में भाजपा को मजबूती मिली और टीएमसी के कल्याणकारी प्रभुत्व की



परीक्षा हुई। आर्थिक संकट - बढ़ता घाटा (2022-23 में 49,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2026-27 में 1,05,000 करोड़ रुपये का ऋण) - और अंतरिम बजट में किए गए तुष्टीकरण (उत्तरी बंगाल के विकास के बजाय मदरसा निधि का उपयोग) ने विभाजन को और गहरा कर दिया। उत्तर-दक्षिणी बंगाल का विभाजन और गहरा गया है, टीएमसी 200 से अधिक सीटों पर नजर गड़ाए हुए है, जबकि भाजपा गठबंधन के माध्यम से 100 से अधिक सीटों का लक्ष्य बना रही है। यह बदलाव पश्चिम बंगाल में वामपंथ के पतन से लेकर टीएमसी-भाजपा के द्विध्रुवीय चुनावी मुकाबले तक के परिवर्तन को दर्शाता है, जिसमें 2026 के चुनाव सीमित सीटों और सीमावर्ती क्षेत्रों की जनसांख्यिकी पर निर्भर करेगा।

## बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, विधानसभा अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक



पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राजधानी पटना में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। धमकी एक ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जिसमें विधानमंडल भवन को विस्फोट से उड़ाने की बात कही गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गए और पूरे विधानसभा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखकर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक बुलाई। बैठक में सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की गई और विधानसभा परिसर की व्यापक जांच कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत रखा जाए। निर्देश मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने विधानमंडल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। प्रवेश द्वारों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और आने-जाने वाले लोगों की कड़ी जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या संभावित खतरे का समय रहते पता लगाया जा सके। फिलहाल जांच एजेंसियां उस ईमेल की पड़ताल कर रही हैं जिसके माध्यम से धमकी दी गई थी। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह मेल किस स्थान से भेजा गया और इसके पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि सुरक्षा के सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## सोनिया गांधी से जुड़े मामले में सुनवाई टली... अब मामले की 30 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ मतदाता सूची में कथित जालसाजी को लेकर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी। लेकिन मामले में दायर रिवीजन पिटीशन पर शुक्रवार दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली ये सुनवाई टल गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च को होगी।



शुक्रवार की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से सुनवाई टालने की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत ने नई तारीख दी। ये याचिका वकील विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर की गई है। सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका को सितंबर में खारिज किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट के इसी फैसले को त्रिपाठी ने चुनौती दी है।

दरअसल सोनिया गांधी के खिलाफ याचिका में नागरिकता और मतदाता सूची को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। याचिका में दावा किया गया है कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारतीय नागरिकता हासिल की थी। आरोप है कि नागरिकता मिलने से 3 साल पहले, यानी 1980 की मतदाता सूची में उनका नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में शामिल था।

इस पर याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है कि जब सोनिया गांधी के पास 1983 तक नागरिकता नहीं थी, तब 1980 में किस आधार पर और किन दस्तावेजों के सहारे मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया? क्या इसके लिए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया? याचिका में ये भी पूछा गया है कि 1982 में उनका नाम मतदाता सूची से क्यों हटाया गया था?

पिछली सुनवाई के दौरान सोनिया गांधी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया है। उनके वकीलों ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। सोनिया गांधी ने याचिका को पूरी तरह से तथ्यहीन और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। इसके पहले इसी मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ जांच और मुकदमा दर्ज कराने की मांग वाली याचिका को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बीते साल सितंबर में खारिज किया था। कोर्ट ने तब याचिका में पर्याप्त आधार नहीं पाए थे। अब रिवीजन पिटीशन के जरिए ऊपरी अदालत में मामले को फिर से उठाने की कोशिश की जा रही है।

# झारखंड विधानसभा में खुद रिक्शा चलाकर पहुंचे मंत्री इरफान... गैस संकट पर केंद्र सरकार को घेरा

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गैस सिलेंडर की कथित किल्लत और बढ़ती महंगाई का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा रहा है। इस मुद्दे को लेकर सदन के बाहर और अंदर सत्तापक्ष के विधायकों ने प्रदर्शन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं ने हाथों में गैस सिलेंडर के प्रतिरूप (रिप्लिका) और पोस्टर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पोस्टरों पर ÷संसद से नरेंद्र मोदी गायब, देश से सिलेंडर गायब÷ जैसे नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने आरोप लगाया कि केंद्र की नीतियों के कारण जनता को गैस की किल्लत और महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान एक अनोखा दृश्य तब दिखाई दिया, जब राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी खुद रिक्शा चलाकर विधानसभा पहुंचे। रिक्शे की पिछली सीट पर कृषि मंत्री



शिल्पी नेहा तिर्की बैठी थीं और उनके हाथ में महंगाई के खिलाफ नारे लिखे पोस्टर थे। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के जरिए उन्होंने बढ़ती कीमतों और गैस संकट के मुद्दे को उठाने की कोशिश की। विधायक तिर्की ने कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद मध्य पूर्व एशिया में पैदा हुई अस्थिरता ने भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरियों को उजागर किया है। उन्होंने इस बात को लेकर केंद्र सरकार की विदेश नीति की विफलता बताकर कहा कि इसका सीधा असर देश में महंगाई और पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री अंसारी ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना कर कहा कि जब राज्य के मंत्री ही पेट्रोलियम संकट और गैस की कमी से जूझ रहे हैं, तब आम जनता की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की नीतियों ने देश को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है जहां लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने सत्तापक्ष के आरोपों को खारिज कर कहा कि गैस की किल्लत का मुद्दा केवल राजनीतिक लाभ के लिए उठाया जा रहा है। जेडीयू नेता सरयू राय ने भी दावा किया कि सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल रहे हैं। सदन में लगातार हंगामे और नारेबाजी के बाद स्पीकर के हस्तक्षेप से स्थिति शांत हुई, लेकिन गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई का मुद्दा पूरे दिन विधानसभा में छाया रहा।

## अलविदा की नमाज के बाद लखनऊ में प्रदर्शन, अमेरिका-इजराइल के खिलाफ लगे नारे

लखनऊ(एजेंसी)। रमजान के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज के बाद शुक्रवार को लखनऊ में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन हुआ और जमकर नारेबाजी हुई। शहर के कई इलाकों में मस्जिदों के बाहर जमीन पर अमेरिका और इजराइल के झंडे लगाए गए, जिन पर नमाजी आते-जाते समय पैर रखकर गुजरते दिखाई दिए। दरअसल, शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने आज बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया था। जिसको देखते हुए प्रशासन ने पुराने लखनऊ सहित संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है और यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुराने शहर में रूट डायवर्जन भी लागू किया गया। उधर, ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में मौलाना खालिद रशीद की इमामत में अलविदा की नमाज अदा की गई। वहीं टीले वाली मस्जिद में भी बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज पढ़ी। इसके अलावा बड़ा इमामबाड़ा परिसर स्थित आसिफी मस्जिद में शिया समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा की। नमाज के बाद कुछ स्थानों पर फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन भी हुए।

# राहुल गांधी की देश को गुमराह करने और भारत की छवि खराब करने की आदत बन गई

### -केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष के नेता पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने और वैश्विक मंच पर भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया। संसद के बाहर गिरिराज सिंह ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की यह आदत बन गई है कि वे देश में भ्रम फैलाते हैं और विदेश नीति पर सवाल उठाते हैं। मकर द्वार पर चाय पीते हुए और देश का अपमान करते हुए उन्होंने कोविड महामारी के दौरान भी देश में भ्रम फैलाया।



गिरिराज की ये टिप्पणियां केंद्र और विपक्ष के बीच राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चल रही तीखी बहस के बीच आई हैं, जिसे पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और वैश्विक आपूर्ति पर इसके प्रभाव ने और हवा दी है। एक दिन पहले, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा था कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, और कहा था कि दर्द तो अभी शुरू हुआ है। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के वैश्विक और घरेलू स्तर पर दूरगामी परिणाम होने की संभावना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि इसका असर देश भर में महसूस होना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि रेस्तरां और होटल बंद हो रहे हैं और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर लोगों में दहशत है। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ गया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान में जंग जारी है। इस युद्ध के दूरगामी परिणाम होंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य, जिससे वैश्विक तेल का 20फीसदी प्रवाह होता है, बंद कर दिया गया है। इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे, खासकर हमारे लिए क्योंकि हमारे तेल और प्राकृतिक गैस का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज से ही होकर गुजरता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ऊर्जा सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की स्थिरता की नींव होती है। उन्होंने भारत की ऊर्जा साझेदारी संबंधी निर्णयों को बाहरी शक्तियों के प्रभाव में लेने के विचार की आलोचना की।

## हापुड़ में नेता के घर से 55 एलपीजी सिलेंडर बरामद, गैस संकट के बीच जमाखोरी का भंडाफोड़

**हापुड़ (एजेंसी)।** जिले में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध जमाखोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। एक तरफ जहां आम जनता वैश्विक तनाव और आपूर्ति में बाधा के कारण रसोई गैस के एक-एक सिलेंडर के लिए तरस रही है, वहीं दूसरी तरफ भारी मात्रा में गैस सिलेंडरों को छिपाकर रखने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हापुड़ प्रशासन की टीम ने स्थानीय नेता अब्दुल रेहान के आवास पर छापेमारी कर वहां से 55 भरे हुए एलपीजी सिलेंडर बरामद किए हैं। यह कार्रवाई उस समय हुई है जब पूरे क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं।



जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से जिला प्रशासन को सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग गैस संकट का फायदा उठाकर सिलेंडरों का अवैध भंडारण कर रहे हैं और उन्हें ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। इसी क्रम में जब अधिकारियों को अब्दुल रेहान के घर पर बड़ी संख्या में सिलेंडर जमा होने की सटीक जानकारी मिली, तो संबंधित विभागों की एक संयुक्त टीम ने वहां छापेमारी की। घर के भीतर और स्टोर रूम में सिलेंडरों का बड़ा जखीरा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। प्रशासन ने तत्काल सभी 55 सिलेंडरों को जब्त कर लिया और उन्हें सुरक्षित रूप से संबंधित विभाग को सौंप दिया।

इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों के चक्कर काटने और कई दिनों के इंतजार के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है, जबकि प्रभावशाली लोग अपने घरों में सिलेंडरों का अंबार लगाए बैठे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि इस तरह की जमाखोरी ही बाजार में कृत्रिम कमी पैदा कर रही है, जिससे आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है।

प्रशासन अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि गैस एजेंसियों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये सिलेंडर किन नामों पर बुक किए गए थे और बिना वितरण के एक ही स्थान पर कैसे पहुंचे। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद, प्रशासन कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपना रहा है। हापुड़ देहात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि आरोपी अब्दुल रेहान के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चूंकि मामले में सजा का प्रावधान सात साल से कम है, इसलिए आरोपी को फिलहाल थाने से जमानत दे दी गई है, लेकिन जांच जारी है और जल्द ही न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जनता के हितों के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत में अलग है इच्छामृत्यु का तरीका, कई देशों में जहरीला इंजेक्शन व आत्महत्या भी है प्रावधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में इच्छामृत्यु को लेकर कानूनी और मानवीय बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने गाजियाबाद के 32 साल के हरीश राणा के मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देते हुए उनके कृत्रिम जीवन रक्षक उपकरण हटाने की मंजूरी दे दी। हरीश पिछले 13 सालों से कोमा में है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली स्थित एम्स में डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने यह भी कहा कि पूरी प्रक्रिया मानवीय और सम्मानजनक तरीके से की जानी चाहिए और मरीज को पैलिएटिव केयर में रखा जाए ताकि उसे कम से कम कष्ट हो। निष्क्रिय इच्छामृत्यु वह प्रक्रिया है जिसमें मरीज को जीवित रखने वाले कृत्रिम साधनों या इलाज को रोक दिया जाता है। इसमें वेंटिलेटर, कृत्रिम पोषण, फीडिंग ट्यूब या अन्य जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण हटा दिए जाते हैं। इसके बाद मरीज की मृत्यु स्वाभाविक रूप से होती है, क्योंकि इलाज जारी रखने से केवल शरीर को कृत्रिम रूप से जिंदा रखा जा रहा होता है और स्वास्थ्य में सुधार की कोई संभावना नहीं रहती। भारत में इस प्रक्रिया को 'गरिमापूर्ण मृत्यु' के अधिकार से जोड़कर देखा जाता है।

बता दें भारत में 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी शर्तों के साथ निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दी थी। हालांकि यहां सक्रिय इच्छामृत्यु यानी किसी मरीज को जानबूझकर घातक इंजेक्शन या दवा देकर मृत्यु देने की अनुमति नहीं है। दूसरी ओर दुनिया के कई देशों में इच्छामृत्यु के अलग-अलग रूपों को कानूनी मान्यता मिली है। अमेरिका के कुछ राज्यों में डॉक्टर की सहायता से आत्महत्या की अनुमति है, जबकि नीदरलैंड में डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन देकर या चिकित्सा सहायता से इच्छामृत्यु दोनों मान्य हैं। कनाडा में भी चिकित्सकीय सहायता से इच्छामृत्यु को कानूनी स्वीकृति दी गई है।



# कमरे में 3-4 दिन पुरानी लाश मिलने से सनसनी, बदबू आने पर खुला राज, कमरे में फैला मिला खून, पुलिस जुटी जांच में

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में एक मकान के कमरे से 3-4 दिन पुरानी सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घर से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों को शक हुआ, जिसके बाद कमरे में एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मामला भीमगंज थाना क्षेत्र के दादाबाड़ी स्थित कोली मोहल्ले का है। शनिवार को यहां एक मकान के कमरे में युवक की करीब



तीन से चार दिन पुरानी लाश मिलने से हड़कंप मच गया। बदबू आने पर पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने कमरे के दरवाजे को धक्का दिया तो अंदर युवक का शव पड़ा देख उसकी चीख निकल गई। इसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो कमरे में युवक के आसपास खून फैला हुआ मिला।

शव कई जगह से सड़ चुका था। हालात को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल और एमओबी टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए।बीपुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पृथ्वीराज कोली के रूप में हुई, जो दिहाड़ी मजदूरी करता था और नशे का आदी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिस कमरे में पृथ्वीराज का शव मिला, वहीं उसी मकान में उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ रहती है। हालांकि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी।बीथाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतक पृथ्वीराज अलग कमरे में रहता था और अक्सर बाहर ही खाना खाता था। पत्नी उसी मकान में रहने के बावजूद चार दिन तक उसकी कोई जानकारी नहीं लेना पुलिस के लिए संदेह का विषय है।बीपुलिस का कहना है कि यह मौत सामान्य है, आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और कारण है, इसकी हर पहलू से जांच की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# डीजे संचालक को गाड़ी में बैठाकर ले गए बदमाश, 2 घंटे तक मारपीट कर सड़क पर फेंका

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा/बागौर।** भीलवाड़ा जिले के बागोर थाना क्षेत्र में चाखेड़ गांव में डीजे संचालक पर एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान हथियारों से लैस बदमाशों ने डीजे संचालक के साथ गंभीर मारपीट की और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। वही बागोर थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित घायल प्रकाश गुर्जर ने बताया कि मैं डीजे का काम करता



हूं और शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे चाखेड़ गांव में मुंडन संस्कार का कार्यक्रम करके डीजे का गाड़ी वापस आ रही थी तब मेरे पास फोन आया कि कोई अज्ञात व्यक्तियों ने मेरे साथ काम करने वाले लड़के को रोक लिया है और उसके साथ मारपीट कर रहे हैं जिसके बाद में तुरंत मौके पर पहुंचा तो उससे पहले ही रास्ता रोको कर कुछ लोग खड़े हुए थे। जिसमें शिवलाल, हरदेव गुर्जर, मंदरूप, विनोद गुर्जर, देवीलाल, परमेश्वर गुर्जर, हरदेव गुर्जर सहित 1 दर्जन लोग हथियार लेकर खड़े हुए थे और उन्होंने आते ही मुझ पर हमला कर दिया। मुझे गाड़ी में बैठा कर लेकर गए और मुझे डराया धमकाया और गंभीर मारपीट की। मारपीट करने के करीब 2 घंटे बाद वे लोग मुझे पटक कर चले गए। मेरी इन लोगों से कोई दुश्मनी नहीं है ना कोई पुरानी रंजिश हैं।

# गंगापुर पुलिस थाने पर पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक का आयोजित



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

थाना गंगापुर पर क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालको की बैठक का आयोजन किया गया। गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि बैठक उनके प्रतिष्ठानों पर मौजूद सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई । सभी संचालकों को पेट्रोल पम्प पर फ्यूल स्टेशन पर लाईसेन्सी फायर आर्म्स धारक सुरक्षा कर्मी राउण्ड द क्लॉक लगाने,स्टेशन पर नाईट विजन के अच्छी क्वालिटी वाले सीसीटीवी कैमरा लगाने, जाये। सीसीटीवी की डी.वी.आर. गुप्त स्थान पर सुरक्षित रखने,आपातकालीन परिस्थतियों मे सुरक्षा सम्पर्क हेतु पुलिस नियन्त्रण कक्ष फोन नम्बर लगाने, एक रजिस्टर संधारित किया जाये, जिसमें पुलिस अधिकारी रात्रि गस्त में पेट्रोल पम्प चेक करेंगे और नोट अंकित करेंगें,रात्रि के समय अधिक केश किसी भी हालत में नहीं रखें, गर्मी की ऋतु में अग्निशमन सामग्री, रेत के बकेट, केमिकल स्प्रे, पानी इत्यादि रखे सुरक्षा के संसाधनों का उपयोग करने के दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे।

# ईरान-इजरायल और अमेरिका युद्ध का असर अजमेर तक, गैस किल्लत में इंडक्शन चूल्हों की बंपर बिक्री बढ़ी

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। देश के कई हिस्सों की तरह अजमेर में भी रसोई गैस की किल्लत से लोग परेशान हैं। गैस सिलिंडर की आपूर्ति में देरी और बुकिंग अवधि बढ़ने के कारण लोग अब विकल्प के तौर पर इंडक्शन चूल्हों की ओर रुख कर रहे हैं। शहर के बाजारों में इन दिनों इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है।

अजमेर के केसरगंज स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार के दुकानदारों के अनुसार पहले जहां महीने भर में एक या दो इंडक्शन चूल्हे ही बिकते थे, वहीं पिछले कुछ दिनों से




रोजाना 20 से 25 इंडक्शन चूल्हे तक बिक रहे हैं। गैस सिलिंडर की कमी और बढ़ती कीमतों के चलते लोग अब इलेक्ट्रिक चूल्हों को बेहतर विकल्प मानने लगे हैं।

केसरगंज के दुकानदार राजीव गोयल ने बताया कि पहले इंडक्शन चूल्हों की बिक्री बहुत कम होती थी, लेकिन गैस की किल्लत के बाद अचानक मांग बढ़ गई है। अब लोग घरेलू उपयोग के साथ-साथ कमर्शियल इंडक्शन चूल्हे भी खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि अगर गैस की स्थिति इसी तरह बनी रही तो आने वाले दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग और बढ़ सकती है। वहीं दुकानदार आशीष गोयल का कहना है कि ईरान-इजरायल युद्ध के बाद देशभर में गैस आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच लोगों में चिंता बढ़ी है। गैस सिलिंडर मिलने में देरी और लंबी कतारों से बचने के लिए लोग अब इंडक्शन चूल्हे खरीदकर बिजली से खाना बनाने को मजबूर हो रहे हैं।

इंडक्शन चूल्हा खरीदने आए ग्राहक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि गैस सिलिंडर की बुकिंग अवधि करीब 25 दिन कर दी गई है, जिसके चलते उनके घर का गैस सिलिंडर खत्म हो गया। गैस एजेंसी पर लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं, इसलिए फिलहाल खाना बनाने के लिए उन्हें इंडक्शन चूल्हा खरीदना पड़ा। गैस की कमी और बढ़ती कीमतों के बीच अजमेर में इंडक्शन चूल्हों की बढ़ती मांग यह संकेत दे रही है कि लोग अब रसोई के लिए वैकल्पिक साधनों की तलाश में जुट गए हैं। अगर गैस आपूर्ति की स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई तो शहर में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री और तेजी से बढ़ सकती है।

# मरणोपरांत नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी



## श्रीश्रीमाल परिवार ने पेश की प्रेरणादायी मिसाल

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गुलाबपुरा निवासी श्रीमती शांतिदेवी धर्मपत्नी स्व. श्री मिश्रीलाल श्रीश्रीमाल का अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। शोक की इस घड़ी में भी श्रीश्रीमाल परिवार ने मानवता और सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए मरणोपरांत उनके नेत्रदान का निर्णय लिया, जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सकेगी। लायन राकेश पगारिया एवं मनीष बंब ने जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई। रामस्नेही चिकित्सालय की डॉ. प्रतिष्ठा छीपा के निर्देशन में आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान, जयपुर (भीलवाड़ा चैप्टर) के नेत्र सहायक चेतन भट्ट ने दिवंगत के निवास स्थान पर पहुंचकर नेत्रों का उत्सर्जन कर कॉर्निया सुरक्षित रूप से प्राप्त किए। इन्हें आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान, जयपुर भेजा गया है, जहां इन कॉर्निया के माध्यम से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान की जाएगी। इस पुनीत कार्य में पूर्व रीजन चेयरमैन दीपक माहेश्वरी, प्रदीप छाजेड एवं देवी गिरी का सराहनीय सहयोग रहा। लायन पवन पवार ने बताया कि इस मानवीय कार्य में रामस्नेही चिकित्सालय और लायंस आई बैंक ने दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के इस निर्णय की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्य समाज को नेत्रदान के लिए जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने श्रीश्रीमाल परिवार के इस अनुकरणीय और प्रेरणास्पद निर्णय के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण बताया।

# ई-स्कूटर चार्जर में शॉर्ट सर्किट से कैफे में लगी भीषण आग, सिलेंडर ब्लास्ट से दहला इलाका; संचालक झुलसा, लाखों का हुआ नुकसान

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र के 100 फीट रोड स्थित एक कैफे में शुक्रवार शनिवार की मध्यरात्रि एक कैफे में इलेक्ट्रिक स्कूटर के चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और कैफे में रखा कमर्शियल गैस सिलेंडर भी फट गया। धमाके के कारण कैफे का लोहे का शटर उखड़कर सड़क पर जा गिरा और इमारत में दरारें आ गईं।

आग की इस घटना में कैफे संचालक बिल्लू जाट झुलस गया, जिसे उपचार के लिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती





कराया गया है। वहीं कैफे में रखा सामान और वाहन जलकर खाक हो गए।

घायल बिल्लू जाट ने बताया कि वह अपने भाई के साथ कैफे में सो रहा था। इसी दौरान चार्जिंग पर लगे इलेक्ट्रिक स्कूटर के चार्जर में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कैफे को अपनी चपेट में ले लिया। आग बुझाने के प्रयास में वह खुद भी झुलस गया।


उन्होंने बताया कि आग लगने के कुछ ही देर बाद कैफे में रखा कमर्शियल गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। धमाके की आवाज से आसपास के लोग भी दहशत में आ गए।

**दमकल के देर से पहुंचने का आरोप**

कैफे संचालक का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल की गाड़ी करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची, तब तक कैफे में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। इस आगजनी में करीब 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। आग में दो फ्रिज, एक स्प्लेंडर बाइक, इलेक्ट्रिक स्कूटर, पांच मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जल गया। बिल्लू जाट का कहना है कि स्कूटर के चार्जर में खराबी की शिकायत पहले भी कई बार की गई थी, लेकिन हर बार उसे ठीक कर वापस दे दिया गया। फिलहाल घटना के बाद मामले को लेकर जांच की मांग की जा रही है।

# भीलवाड़ा में चल रहा था नकली सेल्वेज बनाने का काला कारोबार

## फेक्ट्री में दबिश देकर पुलिस ने किया खेल का भंडाफोड़, कपड़ा जगत में मचा हड़कंप



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के रीको थर्ड फेस में असली के नाम पर नकली का खेल धडल्ले से चल रहा था जिसका प्रताप नगर थाना पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया । प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक कपड़ा फेक्ट्री में छापा मारा जहां ब्रांडेड कंपनी के नाम का नकली सेल्वेज बनाने का काम चल रहा था वही पुलिस की इस कार्यवाही से वस्त्र नगरी के कपड़ा उद्यमियों में हड़कंप मच गया । शनिवार को पुलिस ने लबाना शूटिंग नामक एक फेक्ट्री पर दबिश दी और वहां से तकरीबन 5000 मीटर नकली माल बरामद कर उसे जप्त किया । यह कार्यवाही सीओ सिटी सज्जन सिंह के सुपरविजन में और प्रताप नगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में की गई । पुलिस को रेमंड कंपनी के प्रतिनिधियों से शिकायत मिली थी शिकायत के आधार पर टीम बनाकर पुलिस ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया साथ ही कॉपी राइट एक्ट में मामला दर्ज कर फेक्ट्री को सील कर दिया और जांच शुरू की । पुलिस अब इस जांच में भी जुटी है कि नकली कपडा कहां कहां सप्लाई किया जाता था। इस फैक्ट्री के अलावा और किन किन फैक्ट्री में सेलवेज और नकली ब्रांड के कपड़े बनाए जा रहे है ।

# हिस्ट्रीशीटर का हत्यारा गिरफ्तार, एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बें के हरसौरा थाना पुलिस ने 4 मार्च को हुए हिस्ट्रीशीटर महेश गुर्जर हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक से वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी जनमेजा राम ने बताया कि 4 मार्च की रात करीब 9 बजे कालूहेड़ा (पनियाला) निवासी चेतन उर्फ काली ने हरसौरा पुलिस थाने के हिस्ट्रीशीटर महेश गुर्जर निवासी मुगलपुर को गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल महेश गुर्जर की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पुलिस ने आरोपी चेतन उर्फ काली को बानसूर कस्बे से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक खाली खोखा बरामद किया गया है।

घटना को लेकर महेश गुर्जर के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, चार माह पहले महेश गुर्जर अपनी मौसी के घर जा रहा था, तभी उसकी चेतन उर्फ काली से कहासुनी हो गई थी। उस समय चेतन ने महेश को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद चेतन ने महेश से दोस्ती कर उसे जान से मारने की योजना बनाई। इसी योजना के तहत 4 मार्च की रात करीब 9 बजे चेतन उर्फ काली ने महेश गुर्जर को गोली मार दी, जिससे उसकी जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आगे की जांच कर रही है।

# गंगापुर कस्बे में गैस सिलेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

गंगापुर कस्बे में गंगापुर थानाप्रभारी तथा प्रर्वतन निरीक्षक के संयुक्त जांच दल ने होटल रेस्तरां पर आवश्यक कार्रवाई की। गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि जांच के दौरान अस्पताल रोड गंगापुर स्थित दाना-पानी रेस्टोरेन्ट पर 3 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा ए वन होटल गेरूडी मंगरी पर 5 घरेलु गैस सिलेण्डर होटल के किचन मे व्यवसायिक काम में लेते जब्त किए गए। होटल दाना पानी के संचालक कमलेश वैष्णव होटल एक वन होटल संचालक मीठू लाल जाट के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। टीम में लीलाधर मालवीय थाना प्रभारी, खान मोहम्मद खान प्रर्वतन अधिकारी सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

# सरकार का भरोसा कायम: भीलवाड़ा में एसपी यादव बरकरार, माफिया बैकफुट पर

## राज्य में 64 आईपीएस अधिकारियों के बड़े फेरबदल के बावजूद भीलवाड़ा में नहीं बदली पुलिस कप्तानी; बजरी, भूमि और संगठित अपराध पर सख्ती को मिली सरकार की मुहर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान सरकार की ओर से देर रात जारी की गई आईपीएस अधिकारियों की बड़ी तबादला सूची ने प्रदेशभर में प्रशासनिक हलचल बढ़ा दी है। कई जिलों में पुलिस अधीक्षकों को बदला गया, कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं, लेकिन भीलवाड़ा में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव को यथावत रखते हुए सरकार ने साफ संकेत दिया है कि जिले में चल रही सख्त पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था की नीति पर उसका भरोसा कायम है।

राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में कुल 64 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस सूची में कई जिलों के एसपी बदले गए, जबकि कुछ अधिकारियों का बेहद कम समय में दोबारा स्थानांतरण भी देखने को मिला। इसके बावजूद भीलवाड़ा में पुलिस अधीक्षक को बरकरार रखना प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**माफिया और बदमाशों की उम्मीदों पर फिरा पानी:-**

पिछले कुछ समय से भीलवाड़ा में यह चर्चा जोरों पर थी कि इस बार तबादला सूची में जिले के पुलिस अधीक्षक का नाम शामिल हो सकता है। जिले के आदतन बदमाशों, अवैध बजरी खनन से जुड़े गिरोहों और भूमि माफियाओं को भी इस सूची से काफी उम्मीदें थीं। सूत्रों के अनुसार कुछ प्रभावशाली राजनीतिक हलकों में भी इस संबंध में चर्चाएं चल रही थीं। लेकिन जब देर रात तबादला सूची सामने आई और उसमें भीलवाड़ा का नाम नहीं आया, तो इन तमाम अटकलों पर विराम लग गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के पद पर बने रहने से यह माना जा रहा है कि फिलहाल जिले में अपराध और माफिया गतिविधियों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



**सख्त पुलिसिंग से चर्चा में रहा जिला:-**

पिछले कुछ महीनों में भीलवाड़ा पुलिस ने अवैध खनन, भूमि कब्जे, संगठित अपराध और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाइयां की हैं। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही दबिश, गिरफ्तारी और निगरानी के कारण जिले में कई आपराधिक गिरोहों की गतिविधियां सीमित हुई हैं। अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई, भूमि विवादों में सक्रिय गिरोहों पर लगाम और आदतन अपराधियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस की सख्त कार्यशैली चर्चा में रही है। यही कारण है कि तबादला सूची से पहले भी इस बात को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि सरकार पुलिस कप्तान की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें बरकरार रख सकती है।

**प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर फेरबदल:-**

राजस्थान में जारी तबादला सूची में कई आईपीएस अधिकारियों के कम समय में बार-बार तबादले भी देखने को मिले हैं। करीब 41 अधिकारियों का छह महीने से कम समय में दोबारा स्थानांतरण किया गया है। इनमें द्वश्चह्यपीडी नित्या का चार महीने से भी कम समय में दूसरी बार तबादला किया गया है। उन्हें अब जोधपुर ग्रामीण का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसी तरह ज्ञानचंद यादव और अमित जैन का भी पांच महीने से कम समय में फिर स्थानांतरण किया गया है।

**पति-पत्नी आईपीएस अधिकारियों के भी साथ-साथ तबादले**

हाल ही में आईपीएस में पदोन्नत हुए दंपती अधिकारियों पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ और कमल शेखावत के भी छह महीने से कम समय में तबादले किए गए हैं। पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को सिरोही का एसपी नियुक्त किया गया है। वहीं कमल शेखावत को जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी वेस्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**भीलवाड़ा में सख्त पुलिसिंग जारी रहने के संकेत:-**

राज्य में हुए इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल के बीच भीलवाड़ा में एसपी को यथावत रखना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि सरकार फिलहाल जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर चल रही रणनीति में बदलाव नहीं चाहती।

प्रशासनिक जानकारों का मानना है कि भीलवाड़ा जैसे संवेदनशील जिले में स्थिर नेतृत्व बनाए रखना पुलिसिंग के लिए अहम माना जाता है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के पद पर बने रहने से अपराध नियंत्रण की मौजूदा रणनीति को आगे भी गति मिलने की संभावना है। कुल मिलाकर, प्रदेश में बड़े पैमाने पर हुए आईपीएस फेरबदल के बीच भीलवाड़ा में पुलिस कप्तान का यथावत रहना यह संकेत देता है कि जिले में अपराध और माफिया गतिविधियों पर शिकंजा कसने की नीति फिलहाल जारी रहने वाली है।

# दो बाइक आपस में टकराई एक की युवक की मौत

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** नेशनल हाईवे 758 पर रुपाहेली चौराहे के आमलिया के देवरा के निकट दो बाईकों में आपस में टक्कर हो गई, जिसमें



एक युवक की मौत हो गई, सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । सदर थाना एएसआई बद्री लाल गुर्जर ने बताया कि आमलिया का देवरा के निकट दो बाईकों में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बड़लियास थाना क्षेत्र के बड़ला निवासी भगवान उर्फ गोपाल लाल पिता हजारी लाल जाट उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई । पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# जीव दया अभियान की शुरुआतः निम्बार्क आश्रम से 100 पानी की टंकियों व गौ पात्रों का निःशुल्क वितरण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा संचालित जीव दया अभियान के अंतर्गत बसंत विहार स्थित निम्बार्क आश्रम में 500 सीमेंट की पानी की टंकियों एवं गौ पात्रों के निःशुल्क वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रथम चरण में मानव अधिकार परिषद के संगठन मंत्री हरीश नम्रता काकाणी के पिता स्व ओमप्रकाश व माता स्व कुंजलता काकाणी के स्मृति में 100 सीमेंट की मजबूत पानी की टंकियों एवं गौ पात्रों का संकल्प पत्र भरवाकर निःशुल्क वितरण किया गया। यह



कार्यक्रम महंत मोहनशरण शास्त्री, शहर विधायक अशोक कोठारी, एडीशनल स्टेन्डिग काउसिंग भारत सरकार के एडवोकेट गौरव आचार्य के सान्निध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने परिषद की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे सेवा कार्य समाज में करुणा, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्थानों पर गौवंश के लिए स्वच्छ जल एवं आहार की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में गौवंश को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए परिषद द्वारा यह विशेष पहल की गई है, जिससे समाज में जीव दया, करुणा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित हो सके।परिषद के मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, समाजसेवी ललित आंचलिया एवं सुनील बालर ने बताया कि परिषद द्वारा मार्च माह के दौरान 500 मजबूत एवं टिकाऊ सीमेंट की पानी की टंकियों और गौ पात्रों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा, जिससे गौ माता के लिए दीर्घकालिक जल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जिला महामंत्री ललित मधु लोढ़ा द्वारा व्यक्त किया गया। इस दौरान समाजसेवी सुनील बालर, महावीर चौधरी, अनुराग बाबेल, पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, राधेश्याम सोमानी, ज्योतिप्रकाश सोनी, नौरत बाफना, रजनी बाफना, गोपाल शर्मा, सीए बलवीर डागलिया, ललित बोहरा, कमल वेशनानी, पलाश पृथ्विक भण्डारी, पवन राठी, मनीष किरण सेठी, श्रीमती अलका बंब, कुसुम श्रीश्रीमाल, राजेश बाफना, प्रदीप चौधरी, अरविंद तोतला, महावीर झंवर, अमित व्यास, विनोद सुखवाल, शिवराज गुर्जर आदि उपस्थित थे।

# शाहपुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन, करोड़ो के अवार्ड पारित हजारों मामलो का हुआ निस्तारण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राज्य सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार 14 मार्च को शाहपुरा तालुका में बेंच प्रथम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया । लोक अदालत में मोटर यान दुर्घटना, दावा अधिकरण, दांडिक शमनीय अपराध, सिविल प्रकरण, एन आई एक्ट प्रकरण, प्रीलिटिगेशन, राजीनामा योग्य ट्राफिक चालान एवं अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे गए तथा कुल 592 प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय शाहपुरा के कुल 6808 प्रकरणों का निस्तारण किया गया । बैंच प्रथम में कुल 2564 न्यायालय के प्रकरण रखे गए जिनमें से कुल 592 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण



किया गया जिनमे एम ए सी टी प्रकरणों के अंतर्गत कुल 35 लाख 60 हजार रु का अवार्ड पारित किया गया तथा आपसी सहमति से बैंक रिकवरी व बिजली विभाग के प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया जिनमे 83 लाख 80 हजार रु का अवार्ड पारित किया गया एवं राजस्व न्यायालय के कुल 6808 प्रकरणों का निस्तारण किया गया । इस अवसर पर लोक अदालत के सदस्य दिनेश चंद्र व्यास, उपखंड अधिकारी शाहपुरा एवं न्यायालय के कार्मिक सुधीर उपाध्याय, दशरथ रैगर, विनोद गुर्जर, नवीन महावर तालुका सचिव आजाद मोहम्मद एवं अधिवक्तागण व विभिन्न विभागों, बैंको के अधिकारी एवं कर्मचारी के सहयोग से लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना

# 15 मार्च की शाम की जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

चम्बल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के तहत भीलवाड़ा जिले में होने वाली पेयजल आपूर्ति 15 मार्च को आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता, परियोजना खंड-प्रथम भीलवाड़ा के अनुसार, विद्युत वितरण कंपनी द्वारा तिलिस्वा एवं भुंजरकला की 33 केवी मेन बस पर रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य किया जाएगा। इसके लिए 15 मार्च 2026 को सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा।




इस शटडाउन के कारण आरोली स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर जल आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते भीलवाड़ा शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में 15 मार्च की शाम की पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रह सकती है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पानी का संग्रह पहले से कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# आसींद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 239 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

स्मार्ट हलचल | आसींद

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को न्यायालय परिसर आसींद में किया गया। लोक अदालत में न्यायालय एवं राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। आयोजित लोक अदालत के लिए गठित बैंच की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट आसींद श्याम शर्मा ने की,जबकि उपखण्ड अधिकारी परमजीत सिंह सदस्य के रूप में मौजूद रहे। लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकारों ने भाग



लेकर आपसी सहमति से अपने प्रकरणों का समाधान कराया। तालुका सचिव निखिलेश जीनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धन वसूली, भरण-पोषण, जल एवं बिजली से जुड़े मामले, भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, मोटर वाहन दुर्घटना बीमा, बैंक एवं राजस्व विवाद सहित कई प्रकार के मामलों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्रिलिटीगेशन मामलों सहित कुल 239 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 72,67,774 की राशि के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायालय आसींद के कर्मचारीगण, विद्युत विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने सहयोग प्रदान किया। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित न्याय मिलने के साथ ही समय और धन की भी बचत हुई।

# नगर पालिका ने रैली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत नगर पालिका बिजौलिया द्वारा स्वच्छता संकल्प एवं जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर मनोज गोधा व शिव कुमार तेली सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान सभी ने नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया।

नगर पालिका की ओर से नगर पालिका चौक से फूटा कोट, रावला चौक, छोटा दरवाजा, हॉस्पिटल रोड होते हुए बड़े चारभुजा नाथ मंदिर तक स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के दौरान नागरिकों को गीले-सूखे कचरे को अलग रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने का संदेश दिया गया।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने कहा कि कई स्थानों पर खाली पड़े भूखंडों में कचरा डाला जा रहा है, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ता है। ऐसे में भूखंड मालिकों को अपने प्लॉट की नियमित सफाई करने और बाउंड्री वॉल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि ऐसा नहीं किया गया तो नगर पालिका सफाई कराकर खर्च संबंधित भूखंड स्वामी से वसूलेगी। साथ ही नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

# शॉर्ट सर्किट से खेत में लगा ट्रांसफमार धधका

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के खातन खेड़ी गांव में शुक्रवार दोपहर बाद एक खेत में लगे ट्रांसफार्मर मे शोर्ट सर्किट से लगीं आग से खेत की बाड जल गई। खेत पर काम कर रहे लोगों की सजगता खेत में खडी गेहु की फसल बच गई। आग पर दमकल की सहायता से काबू पाया जा सका।

पुर्व सरपंच प्रहलाद बैरवा ने बताया कि खातनखेडी गांव में रहने वाले गोपी बैरवा के खेत पर लगा ट्रांसफार्मर शुक्रवार को शोर्ट सर्किट के चलते धू धू कर के जलने लगा। जिससे निकली चिंगारी के कारण खेत बाड ने आग पकड ली। साथ ही खेत पर मोजूद लोगों की सतर्कता



से खेत में खडी गेहु की फसल बच गई। बाड मे तेज गति से फैल रही। आग कि सुचना पर मौके पर पहुची दमकल की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक जयपुर में संपन्न, वैश्य एकता और भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक जयपुर स्थित निजी रिसोर्ट में आयोजित की गई। बैठक में भजनलाल शर्मा (मुख्यमंत्री, राजस्थान), भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा दिया कुमारी (उपमुख्यमंत्री, राजस्थान) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संभागीय अध्यक्ष एवं दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा सांसद) का सानिध्य प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैश्य समाज देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत



रीढ़ रहा है। व्यापार, उद्योग और सेवा के माध्यम से वैश्य समाज ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा, प्रशासन और नेतृत्व के क्षेत्रों में आगे आकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे समाज और देश दोनों को नई दिशा मिल सके। बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल ने वैश्य समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि समाज को संगठित होकर कार्य करना चाहिए तथा युवाओं की भागीदारी को प्रशासनिक सेवाओं और ब्यूरोक्रेसी में बढ़ाना आवश्यक है, ताकि समाज का प्रतिनिधित्व विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हो सके। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने तथा समाज के युवाओं को नेतृत्व और प्रशासनिक क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के विषय पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में भीलवाड़ा जिले से प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, जिलाध्यक्ष रामेश्वरलाल काबरा, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, प्रदेश सचिव आरती कोगटा, महिला संभागीय अध्यक्ष मधु जाजू, युवा संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, युवा प्रदेश मंत्री पंकज लोहिया, युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी, जिला महामंत्री हर्षिल नागौरी, कोषाध्यक्ष त्रिदेव मूंदड़ा तथा मीडिया प्रभारी हरीश हिंदुस्तानी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महेन्द्र सिंघवी को पुलिस मित्र संगठन (नई दिल्ली) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



महेन्द्र सिंघवी को पुलिस मित्र संगठन (नई दिल्ली) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति की घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोषदादा चौधरी द्वारा की गई है।

मनीष बम्ब ने बताया की महेंद्र सिंघवी पूर्व में संगठन में राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल के प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पुलिस मित्र संगठन एक सामुदायिक पुलिसिंग पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करना और अपराध रोकने में पुलिस की सहायता करना है। पुलिस मित्र के रूप में सदस्य कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियमों के पालन में सहयोग करने और स्थानीय समस्याओं के समाधान में पुलिस के साथ मिलकर काम करते हैं। सिंघवी की इस नियुक्ति पर स्थानीय समाजसेवियों और संगठन के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। वे लंबे समय से सामाजिक कार्यों और पुलिस-पब्लिक समन्वय गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं।

# केशियर विकास सकरवाल का स्थानांतरण होने पर विदाई दी



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** राजस्थान ग्रामीण बैंक के केशियर विकास सकरवाल का स्थानांतरण होने पर शनिवार को ग्राम पंचायत में ग्रामीणों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ और स्थानीय लोग काफी भावुक नजर आए। ग्रामीणों ने केशियर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बैंक स्टाफ और स्थानीय लोगों की उपस्थिति विदाई समारोह में बैंक स्टाफ और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने केशियर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने बताया कि केशियर 5 वर्ष से लाडपुरा में रहे हैं। जो कार्यकाल में ईमानदारी, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ बैंक की सेवा की है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकी शाहपुरा की प्रतिभा

## ख्याति मेहता को विश्व की 15 सम्मानित महिलाओं में मिला स्थान

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शाहपुरा की प्रतिभा ने एक बार फिर नगर का गौरव बढ़ाया है। अमेरिका की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी SF BEN द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईटी एवं वेलफेयर क्षेत्र में विश्व की 15 विशिष्ट महिलाओं की सूची जारी की गई, जिसमें शाहपुरा से जुड़ी प्रतिभा ख्याति मेहता को 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस सूची में भारत से उन्हें प्रथम स्थान पर सम्मानित किया गया है।

शाहपुरा के प्रतिष्ठित रतनलाल एवं नजर देवी सेठी की पौत्रवधू तथा



राजेन्द्र और ऋतु सेठी की पुत्रवधू, यश सेठी की धर्मपत्नी ख्याति मेहता को यह सम्मान प्राप्त होना पूरे नगर, सेठी परिवार और दिगम्बर जैन समाज के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों, समाजबंधुओं तथा परिचितों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

ख्याति मेहता सेल्सफोर्स इकोसिस्टम की एक ऊर्जावान एवं प्रेरणादायक लीडर हैं तथा डब्ल्यूआईटी ड्रीमिन' की संस्थापक भी हैं। उनकी विशेषता लोगों को आपस में जोड़ना, कम्युनिटी को सशक्त बनाना और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

सेल्सफोर्स इकोसिस्टम में वे मार्केटिंग चैंपियन, सर्विसब्लेजर एपीएसी की ग्रुप लीडर, ट्रेलब्लेजर कम्युनिटी फोरम एम्बेसडर, ट्रेलहेड मेंटर तथा भारत में पॉडकास्ट होस्ट के रूप में सक्रिय योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही वे टॉप-10 आंसर कम्युनिटी लीडर के रूप में भी लोगों को निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर रही हैं।

दूसरों को आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता उनके हर प्रयास में स्पष्ट दिखाई देती है। चाहे डब्ल्यूआईटी ड्रीमिन' के तीन सफल संस्करणों का आयोजन हो, नए लोगों को मार्गदर्शन देना हो या अनुभवी पेशेवरों को नई दिशा प्रदान करना—वे हर क्षेत्र में प्रेरणादायक भूमिका निभा रही हैं।

उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल सेठी परिवार बल्कि शाहपुरा नगर एवं सम्पूर्ण दिगम्बर जैन समाज का नाम राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवान्वित हुआ है।

# कोहिनूर सेवा समिति की ऑफिशियल मीटिंग हुई आयोजित



## जेलर हीरालाल गुर्जर को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोहिनूर सेवा समिति भीलवाड़ा (कोहिनूर ग्रुप इन राजस्थान) के तत्वावधान में समिति की ऑफिशियल मीटिंग श्री चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर पर आयोजित की गई। समिति के प्रदेश संयोजक कवि रामनिवास रोनी राज ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राजेंद्र सिंह देश प्रेमी की सरस्वती वदंना से हुआ। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सभापति मंजू पोखरणा ने की। विशिष्ट अतिथि समाज सेवक ओमप्रकाश काबरा थे। इस अवसर पर जिला कारागृह भीलवाड़ा के जेलर हीरालाल गुर्जर को उनकी सहजता-सरलता-मधुरता-आकर्षक कार्यशैली व बंदी भाइयों के कल्याण व उनकी सुख सुविधा-देखरेख तथा उदारता जैसे गुणो की सराहना करते हुए समिति ने शाल ओढाकर, पगड़ी पहनाकर उनका भाव भिना स्वागत-सम्मान किया। समारोह का संचालन कवि रामनिवास रोनी राज ने किया। इस अवसर पर गौ भक्त मंडली के दर्जनों गौ भक्त उपस्थित थे। पंकज रूणवाल, वैभव रूणवाल, सांसद प्रत्याशी राजेश पाटनी, ममता शर्मा, सीमा रूणवाल, एडवोकेट ज्योति पाराशर, योगिता सुराणा, गौ भक्त मंडली के किशन बुला, पवन रूणवाल, राजेश सर्वा, शिव प्रकाश टेलर, राजेंद्र कोठारी, अतुल सुराणा, जगदीश नुवाल आदि मौजूद थे। अंत में शहर अध्यक्ष महंत प्रकाश नकवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा बायफ के सहयोग से पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कॉफ रैली का आयोजन

## रामपुरा-आगुचा क्लस्टर के नया लक्ष्मीपुरा और सुल्तानपुरा गांवों में कॉफ रैली और प्रदर्शनी आयोजित, 70 पशुपालकों ने लिया भाग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा बायफ के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत् रामपुरा-आगुचा क्लस्टर के नया लक्ष्मीपुरा और सुल्तानपुरा गांवों में कॉफ रैली और प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशु प्रबंधन और उन्नत नस्ल सुधार के प्रति जागरूक करना था। इन दोनों प्रदर्शनियों में लगभग 70 पशुपालकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपने बछड़ों के स्वास्थ्य और नस्ल का प्रदर्शन किया। किसानों ने होल्स्टीन फ्रीजियन, मुर्रा



और गिर जैसी उन्नत नस्लों के बछड़ों का प्रदर्शन किया, जो आधुनिक पशुपालन के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के उप-निदेशक गोपाल शर्मा, सीएसआर हेड भुवनेश शर्मा, भादवों की कोटड़ी प्रशासक हंगामी लाल गुर्जर, बडला प्रशासक आशा देवी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद रफीक ने बताया कि ऐसी रैलियों से किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने समय पर टीकाकरण, डीवार्मिंग और संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया। पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने बछड़ों की शारीरिक बनावट, हड्डियों की मजबूती और सामान्य स्वास्थ्य के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। साथ ही, किसानों को बीमारियों से बचाव और भविष्य में बेहतर दूध उत्पादन के सुझाव भी दिए गए। इस पहल से क्षेत्र में डेयरी व्यवसाय को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों ने ग्रामीण आजीविका सुधारने के लिए हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना के प्रयासों की सराहना की। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा वर्ष 2016 से संचालित समाधान परियोजना उन्नत कृषि से जुड़े उपायों पर केंद्रित है, स्थानीय किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और खेती के सस्टेनेबल तरीकों को अपनाने एवं जागरूक करने हेतु बनाया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सिंचाई पर सलाह और पशुपालन में सहायता के माध्यम से खेती की नई तकनीकों को अपनाकर किसानों की आजीविका में सुधार आया है। अब तक, इस कार्यक्रम के तहत 1.4 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए है।

# बिजली समस्याओं पर जनसुनवाई: किसानों को परेशान न करें अधिकारी – विधायक गोपीचंद मीणा

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के 50 लाभार्थियों का सम्मान, जहाजपुर में बस स्टैंड के लिए गुमछा में 5 बीघा भूमि आवंटित

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से शनिवार को जहाजपुर पंचायत समिति सभागार में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपीचंद मीणा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा व पूर्व प्रधान कौशल किशोर शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीलवाड़ा अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश महला ने की।

जनसुनवाई का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करना रहा। इस दौरान कई उपभोक्ताओं ने सोलर ऊर्जा का कनेक्शन लेने के बावजूद पुराने बिल जारी होने की शिकायत अधीक्षण अभियंता के समक्ष रखी।

विधायक गोपीचंद मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों और आम उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्यशैली में सुधार जरूरी है और जो अधिकारी यहां काम करने में रुचि रखते हैं, वही यहां रहकर कार्य करें। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को कृषि कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध



करवाकर राहत देने के निर्देश भी दिए। साथ ही किसानों के लंबित ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध कराने की बात भी कही।

जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चयनित 50 लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप लाभार्थियों को निशुल्क इंडस चूल्हे भेंट किए गए। इस अवसर पर विधायक मीणा ने अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश महला से परली और खजूरी क्षेत्र में 132 केवी जीएसएस स्थापित करने के लिए योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने बताया कि इन गांवों की आबादी अधिक होने और दूरी अधिक होने के कारण कई बार निर्बाध बिजली आपूर्ति में समस्या आती है। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता शिव प्रसाद नगर, सहायक अभियंता ग्रामीण सुरेश चंद्र मीणा, शहरी सहायक अभियंता दिनेश मीणा मौजूद रहे।

जहाजपुर में बस स्टैंड के लिए गुमछा में 5 बीघा भूमि की आवंटित

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जहाजपुर में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बस स्टैंड के लिए पंचायत समिति द्वारा गुमछा में 5 बीघा भूमि उपलब्ध करवाई गई है। विधायक गोपीचंद मीणा ने इसके लिए पंचायत समिति स्टाफ और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बस स्टैंड के लिए भूमि का अभाव था, जिसे अब पंचायत समिति द्वारा उपलब्ध कराए जाने से समस्या का समाधान संभव हो सका है।

# समाजसेवा के पुरोधा महावीर प्रसाद मानसिंहका 'मानसिंहका रत्न' से होंगे सम्मानित

### पीएफसी गार्डन में होली मिलन समारोह में परिवार का सर्वसम्मत निर्णय, 21 नवंबर को वृंदावन में होगा भव्य सम्मान समारोह



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** आजाद नगर स्थित पीएफसी गार्डन में शनिवार को आयोजित मानसिंहका परिवार के भव्य होली मिलन समारोह में पारिवारिक एकता और सामाजिक सरोकारों की अनूठी मिसाल देखने को मिली। समारोह में परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और सामूहिक निर्णय लेते हुए परिवार के वरिष्ठ सदस्य, प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी महावीर प्रसाद मानसिंहका को प्रतिष्ठित 'मानसिंहका रत्न' सम्मान से अलंकृत करने की घोषणा की।

परिवार की सर्वसम्मति और भारी बहुमत से लिया गया यह निर्णय उनके लंबे समय से किए जा रहे समाजसेवी कार्यों और देश-विदेश में मानसिंहका परिवार का नाम गौरवान्वित करने के योगदान के सम्मान में किया गया है।

बताया गया कि सेठ मुरलीधर मानसिंहका चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से देश के प्रमुख तीर्थस्थलों जैसे उज्जैन, वृंदावन, बद्रीनाथ और सालासर बालाजी सहित कई स्थानों पर धर्मशालाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं। हाल ही में पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लिफ्ट निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य भी ट्रस्ट द्वारा करवाया गया है।

इसके अलावा वृंदावन क्षेत्र में ट्रस्ट की ओर से प्रतिदिन हजारों जरूरतमंदों को भोजन पैकेट वितरित किए जाते हैं। सेवा और परोपकार के इन निरंतर प्रयासों ने महावीर प्रसाद मानसिंहका को समाज में प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित किया है।

उल्लेखनीय है कि 99 वर्ष की आयु में भी वे पूरी सक्रियता के साथ समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में जुटे हुए हैं। उद्योग जगत में भी उनके द्वारा स्थापित तेल मिलें अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं।

परिवार के अनुसार 'मानसिंहका रत्न' सम्मान उन्हें आगामी 21 नवंबर को वृंदावन में आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में मथुरा की सांसद और प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना भी जताई जा रही है।

मानसिंहका परिवार के सदस्यों ने कहा कि महावीर प्रसाद मानसिंहका का जीवन सेवा, समर्पण और संस्कारों की मिसाल है और उनका सम्मान पूरे परिवार के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है।

# श्री सिन्धी ब्रह्मखत्री नवयुवक मंडल पुष्कर की नई कार्यकारिणी गठित

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी गठित की। जिसमें श्री चंद्रप्रकाश शीतलदास टाटारिया को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना एवं उपाध्यक्षः-मनोज कुमार उमेश कुमार धांधा , विजय कुमार अशोक कुमार कपूर सचिवः-हिरेन कुमार महेश कुमार धांधा खजांचीः-भेविन कमलेश खुहा मेम्बरः-चेतन भीखम चंद भूत, पंकज बालकिशन धांधा, गोविंदा दिलीप कुमार सोरठिया, नानक नारायण दास खुहा, महेन्द्र कुमार कन्हैयालाल खुहा, विशाल तोलाराम सराया मुख्यसहलाकरः- भोजराज गोविंदराम धांधा, दिलीपकुमार विशनदास सोरठिया, हरिशकुमार हीरालाल खुहा को बनाया गया । सभी का पूज्य सिन्धी ब्रह्मखत्री समाज के मुखी साहब बालकिशन धांधा ने शाल व माला पहनाकर स्वागत किया।

# घरेलू गैस के दुरुपयोग पर रसद विभाग का शिकंजा, 8 सिलेंडर और रिफिलिंग मशीन जब्त

## वैश्विक गैस संकट के बावजूद कालाबाजारी से बाज नहीं आ रहे लोग; भीलवाड़ा में तीन स्थानों पर कार्रवाई, कार व उपकरण भी जब्त

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** घरेलू एलपीजी गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को भीलवाड़ा जिले में तीन स्थानों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 8 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 रिफिलिंग मशीन, 1 मारुति कार, 1 बांसुरी तथा अन्य उपकरण जब्त किए गए।

यह कार्रवाई जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अधिकारियों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर गैस आपूर्ति और कीमतों को लेकर संकट की स्थिति बनी हुई है, इसके बावजूद कुछ लोग घरेलू गैस का अवैध उपयोग और कालाबाजारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।



### काछोला में कार से चल रहा था गैस रिफिलिंग का खेल

काछोला पुलिस से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला रसद अधिकारी के निर्देश पर प्रवर्तन अधिकारी वंदना मीणा ने कार्रवाई करते हुए एक मारुति कार से अवैध गैस रिफिलिंग का मामला पकड़ा। मौके से 4 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 रिफिलिंग मशीन और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

जब्त की गई मारुति कार को पुलिस थाना काछोला के सुपुर्द किया गया, जबकि सिलेंडर और रिफिलिंग मशीन संबंधित गैस एजेंसी काछोला को सौंप दी गई।

### होटल में घरेलू गैस से भर रहे थे कमर्शियल सिलेंडर

भीलवाड़ा शहर में लव गार्डन के सामने स्थित एक प्रतिष्ठान महावीर कचौरी पर जांच के दौरान 2 घरेलू गैस सिलेंडर और 1 बांसुरी जब्त की गई। जांच में सामने आया कि होटल संचालक बांसुरी के जरिए घरेलू गैस सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडरों में गैस भर रहा था।

वहीं लव गार्डन के सामने ही एक अन्य प्रतिष्ठान पर अवैध रूप से गैस भंडारण पाए जाने पर 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई एलपीजी (विनियमन) आदेश 2000 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत की गई है।

जिला प्रशासन का कहना है कि घरेलू गैस का इस प्रकार दुरुपयोग न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि इससे उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी और आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में प्रवर्तन निरीक्षक विनोद मीणा सहित विभागीय टीम शामिल रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और अवैध उपयोग के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# काछोला में भक्ति का उल्लास: 15 मार्च से शुरू होगा 'नानी बाई रो मायरो', फाग महोत्सव को लेकर तैयारियाँ तेज

## रविवार को चारभुजा मंदिर से निकलेगी भव्य कलश यात्रा; भजन गायक शानू कबीरा और हर्षिता मालू देंगे प्रस्तुति

स्मार्ट हलचल| काछोला

धर्मनगरी काछोला में पहली बार आयोजित होने जा रहे भव्य फाग महोत्सव और 'नानी बाई रो मायरो' को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। 15 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाले इस त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए आयोजकों ने कमर कस ली है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु श्रद्धालुओं की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कमेटियों का



गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

आयोजन समिति ने बताया कि रविवार, 15 मार्च को सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा कस्बे के मुख्य 'बड़े मंदिर चारभुजा नाथ मंदिर' से प्रारंभ होकर विभिन्न गली-मोहल्लों से गुजरती हुई 'बाग के बालाजी मंदिर' प्रांगण पहुंचेगी, जहाँ कथा का आयोजन होगा। कलश यात्रा के दौरान पंडित विष्णु श्री कृष्णतन्य जी महाराज के सानिध्य में भजन गायक शानू कबीरा और हर्षिता मालू भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां देंगे।

### 17 मार्च को मनेगा फाग महोत्सव:

आयोजन का मुख्य आकर्षण 17 मार्च को होने वाला भव्य फाग महोत्सव होगा, जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए डॉ. कैलाश चंद्र वैष्णव, रमेश चंद्र काष्ट, महावीर बसेर, भगवान काष्ट, भगवान शंकर शर्मा, भैरूलाल मंत्री, घनश्याम पोरवाल और रमेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे हुए हैं। कस्बे को धर्ममय वातावरण में ढालने के लिए विशेष सजावट भी की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निपटारा: 2.22 लाख से अधिक मामले सुलझे, सालों पुराने विवाद राजीनामे से खत्म

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें वर्षों से लंबित मामलों का रिकॉर्ड निपटारा हुआ। लोक अदालत में समझौता योग्य दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक, एमएसीटी, चेक अनादरण, श्रम, बैंक रिकवरी, उपभोक्ता तथा राजस्व से जुड़े मामलों की सुनवाई कर आपसी राजीनामे के जरिए बड़ी संख्या में विवाद समाप्त किए गए।

प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन के निर्देशन और मार्गदर्शन में कुल 2 लाख 22 हजार 615 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा 22 करोड़ 67 लाख 22 हजार 742 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई।

उन्होंने बताया कि मुकदमा पूर्व (प्री-लिटिगेशन) के 2 लाख 8 हजार 751 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण किया गया, जबकि न्यायालयों में लंबित 19 हजार 214 मामलों को चिन्हित कर 13 हजार 8 64 प्रकरणों का समाधान किया गया। इन मामलों में 18 करोड़ 78 लाख 66 हजार 163 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। पूरे जिले में लोक अदालत की 19 बेंचों के माध्यम से न्यायिक अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों तथा अनुभवी अधिवक्ताओं ने पक्षकारों को समझाइश देकर आपसी समझौते करवाए, जिससे कई सालों से चल रहे विवादों का अंत हो गया।

बेंच सदस्य शांति लाल जैन ने बताया कि प्री-लिटिगेशन मामलों में बैंक, बीएसएनएल और बिजली विभाग की रिकवरी से जुड़े मामलों में भी बड़ी राहत दी गई। कई मामलों में मूल राशि से कम में समझौता कराकर एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित वित्तीय संस्थाओं और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाया गया। बिजली बिलों में भी विभाग की ओर से छूट देकर उपभोक्ताओं को राहत दी गई।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत में बिना खर्चे और त्वरित न्याय की प्रक्रिया से बड़ी संख्या में लोगों ने अपने विवाद समाप्त कराए, जिसकी सभी ने सराहना की। लोक अदालत की सफलता पर प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव ने जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन), पुलिस प्रशासन, बार अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, अधिवक्ताओं तथा न्यायिक कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजौलिया क्षेत्र में चार घंटे रहेगी बिजली कटौती

स्मार्ट हलचल|बिजौलिया



132 केवी जीएसएस बिजौलिया पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार, 15 मार्च को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 132 केवी जीएसएस पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान 33/11 केवी जीएसएस बिजौलिया, रीको, मंडोल, भोपतपुरा, उमाजी खेड़ा, आंट, सलावटिया, चांदजी खेड़ी और कांस्या से जुड़े सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें तथा असुविधा से बचने के लिए सहयोग करें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारू कर दी जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन , विभिन्न प्रकरणों का हुआ निस्तारण

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर बिजौलियों में आयोजित हुआ,जिसमे अनेक प्रकरण निस्तारण हुये। जिसमें तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी, ललित कुमार डीडवानिया तहसीलदार बिजौलियाँ, गोपेश कुमार शर्मा रीडर, दिलखुश मीणा, हिमांशु उपाध्याय निजि सहायक, अनवर हुसैन होम गार्ड, रामदयाल चौधरी पीएस बिजौलियाँ,



रामबाबु माथुर, सुनीता नायक, सुमित जोशी एडवोकेट, सुनील कुमार जोशी एडवोकेट, पंकज धाकड एडवोकेट, दीपक मीणा एडवोकेट, ब्रहमप्रकाश तिवारी एडवोकेट प्रदीप शर्मा एडवोकेट, नरेश तंवर एडवोकेट, मुकेश कुमार धाकड एडवोकेट, सुनील कुमार बाकलीवाल एडवोकेट जसवन्त सिंह सौलंकी एडवोकेट सुनील एडवोकेट गोपाल लाल लखारा एसबीआइ प्रबंधक साधना सोनी उप प्रबंधक एसबीआइ रोहित सिंह बीओबी प्रबंधक, ललित मेवाडा हेमन्त नावर रवि चमार उपस्थित रहे। जिसमें कुल फौजदारी प्रकरण 52 जिसमें से एन आई एक्ट के 16 प्रकरण और मु0 फौ0 के 04 व सिविल के 02 प्रकरणो का निस्तारण किया गया जिसमें कुल राशि 27,30,100/- रूपये का निस्तारण हुआ और बैकं के 150 मुकदमे और बिजली के 247 प्रकरणो का निस्तारण किया गया जिसमें 12,74,292/- रूपयो का निस्तारण किया गया।

# पुष्कर से नाराज होकर विदा हुए संत शरणानंद महाराज



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** पीठाधीश्वर एवं रमणरेती आश्रम-मथुरा के संस्थापक संत गुरू शरणानंद महाराज शुक्रवार को पुष्कर से नाराजगी के साथ विदा हो गए। खास बात यह रही कि उनके इस प्रवास में प्रशासनिक लापरवाही और अव्यवस्था ने उनके मनोबल को ठेस पहुंचाई। महाराज गुरूवार शाम हेलीकॉप्टर से पुष्कर पहुंचे और यहां चल रहे 43 दिवसीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में शामिल होने आए थे। लेकिन हेलीपेड पर सुरक्षा और प्रशासनिक इंतजामों का अभाव देख कर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। यहां लोगों की भारी भीड़ ने हेलीकॉप्टर के आसपास जमकर फोटो खिंचाई की और स्वागत में हडकंप मच गया। इस अफरा-तफरी के बीच तीर्थ पुरोहितों और अनुयायियों में हल्की हाथापाई तक हुई, जिससे महाराज पूरी तरह खफा हो गए। सूत्रों के अनुसार शरणानंद महाराज ने उच्च स्तर पर इस प्रशासनिक अव्यवस्था की शिकायत भी दर्ज कराई। शुक्रवार को उनके रवाना होने के समय पुलिस ने हेलीपेड को सुरक्षा घेरे में लिया और केवल चुनिंदा प्रबुद्धजनों को ही प्रवेश की अनुमति दी। विदाई देने वालों में हरिसेवा धाम भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर हंसाराम उदासीन, राम बाबू दुसाद, कन्हैयालाल और जगदीश कुर्डिया प्रमुख थे।

शरणानंद महाराज ने पुष्कर में केवल एक रात ठहरी। उन्होंने अपने नजदीकी शिष्य के बंगले पर रात्रि भोज किया, जबकि रात का विश्राम सूरजकुंड स्थित रिसोर्ट में किया। शुक्रवार दोपहर तक रिसोर्ट में ही रहे और 1.15 बजे हेलीकॉप्टर से पुष्कर से गोकुल-मथुरा के लिए रवाना हुए।

# श्री महेश पब्लिक स्कूल,प्राइमरी विंग में नर्सरी से यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग में दिनांक 14/3/26 को कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन किया गया। श्री महेश सेवा समिति के निर्देशक व विद्यालय प्रभारी श्री दिनेश जी शारदा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्री-प्राइमरी शिक्षा पूर्ण करने वाले बच्चों की उपलब्धि का उत्सव मनाना तथा उन्हें आगे की कक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में श्री महेश सेवा समिति के सम्माननीय अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जी नराणीवाल, सचिव श्री राजेंद्र कुमार जी कचौलिया, कोषाध्यक्ष श्री राजेश जी बाहेती तथा निर्देशक व विद्यालय प्रभारी श्री दिनेश जी शारदा उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों व विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों के नृत्य, गीत एवं कविताओं ने उप-स्थत अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास देखने लायक था। 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन ड्रेस व कैप पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों




ने अपने बच्चों के जीवन के पहले शैक्षणिक पड़ाव को सफलतापूर्वक पूरा करने की खुशी साझा की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह समारोह बच्चों के शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे भविष्य में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी नराणीवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनमें नई कक्षा के लिए उत्साह एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। सचिव श्री राजेंद्र जी कचौलिया ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ- साथ अच्छे संस्कार देना है, ताकि वह भविष्य में एक ज़िम्मेदार नागरिक बन सकें। कोषाध्यक्ष श्री राजेश जी बाहेती ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस प्रकार के कार्यक्रम से ही छात्रों मे आत्मविश्वास ,समर्पण व मनोबल की भावना का विकास होता है। निर्देशक व विद्यालय प्रभारी श्री दिनेश जी शारदा ने कहा कि नन्हे बच्चे नींव का पत्थर हैं ,यदि नींव मज़बूत होगी तो आगे उनका भविष्य भी सुनहरा होगा ।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उनके निरंतर प्रगति की कामना की।

# पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

## रेडियोलॉजिस्ट, सोनोलॉजिस्ट व निजी चिकित्सालय प्रबंधकों को अधिनियम के प्रावधानों और नवीन नियमों की दी जानकारी

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को देव गार्डन रिसोर्ट, सांगानेर रोड, भीलवाड़ा में जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने की। कार्यशाला में जिला छह रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया सहित जिले के समस्त राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट, सोनोलॉजिस्ट तथा प्रबंधकों ने भाग लिया।





कार्यशाला के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत भ्रूण लिंग जांच करना एवं करवाना दोनों ही दंडनीय अपराध हैं। अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्यशाला के दौरान सीएमएचओ ने गजट नोटिफिकेशन, अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, सलाहकार समिति के गठन, विनियमों एवं कार्य प्रणाली की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन, निलंबन, निरस्तीकरण तथा नवीनीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

उन्होंने अधिनियम के नवीन प्रावधानों तथा उल्लंघन की स्थिति में लागू होने वाले दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी देते हुए सोनोग्राफी केन्द्रों द्वारा रिकॉर्ड संधारण, फॉर्म-एफ के सही तरीके से संधारण, तथा ई-इफेक्ट ऑनलाइन मोबाइल एप के उपयोग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही केन्द्रों पर प्रदर्शित की जाने वाली अनिवार्य सूचनाओं, सोनोग्राफी एवं एमआरआई पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने मुखबिर (डिकॉय) योजना के अंतर्गत लिंग जांच संबंधी सूचना देने के लिए जारी टोल फ्री नंबर 104, 108 तथा व्हाट्सएप नंबर 9799997795 की जानकारी देते हुए सभी को अधिनियम की सख्ती से पालना करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी भ्रूण लिंग जांच या इससे संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी की सूचना जारी टोल फ्री नंबर पर देने वाले व्यक्ति को 3 लाख रुपये तक का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाता है तथा सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है।

कार्यशाला में राज्य सरकार द्वारा संचालित मां वाउचर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी सरकारी एवं निजी सोनोग्राफी सेंटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर के माध्यम से सोनोग्राफी की सुविधा दी जाती है। इन लाभार्थियों को निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर भी प्राथमिकता के साथ सुविधा उपलब्ध कराते हुए तुरंत सोनोग्राफी कर पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त मिशन निदेशक के निर्देशानुसार पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत प्रयोगशालाओं एवं सोनोग्राफी केंद्रों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (•ष्ठरू) के अंतर्गत शेष केंद्रों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के अंत में जिला कार्यक्रम समन्वयक (पीसीपीएनडीटी) रामस्वरूप सेन ने सभी चिकित्सकों एवं प्रबंधकों से पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करते हुए कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया गया।

# डीएसटी की ताबड़तोड़ कार्रवाई में 21 किलो डोडा पोस्त बरामद- हिस्ट्रीशीटर सहित साथी गिरफ्तार

## कार्यवाही से लाम्बाहरिसिंह पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल



स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) की लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई ने स्थानीय पुलिस थानों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को डीएसटी टीम ने लांबा हरिसिंह थाना क्षेत्र के सिंदोलिया गांव में दबिश देकर एक हिस्ट्रीशीटर सहित उसके साथी को गिरफ्तार कर करीब 21 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया।

कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से डोडा पोस्त को पीसने में उपयोग होने वाली मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 2000 रुपये नकद व दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिस्ट्रीशीटर शंकर (42) पुत्र रामदेव कुम्हार निवासी सिंदोलिया और भंवरलाल (25) पुत्र रूपनारायण जाट निवासी बागड़ी पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह जिला टोंक के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी लंबे समय से मालपुरा, टोडारायसिंह, पचेवर व लांबाहरिसिंह क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई कर रहे थे। इस कार्रवाई ने एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि इतने लंबे समय से चल रहे अवैध कारोबार की भनक स्थानीय पुलिस के बीट प्रभारी, बीट अधिकारी और आसूचना तंत्र को क्यों नहीं लगी? जबकि डीएसटी टीम ने जिला मुख्यालय से सिंदोलिया पहुंचकर कार्रवाई कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। गौरतलब हैं कि इन दिनों जिला पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीणा के निर्देश पर नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नियमित रूप से की जा रही हैं। इसके लिए डीएसटी टोंक मुखबिर तंत्र और तकनीकी स्त्रोतों को बेहतर काम में लिया जा रहा हैं। डीएसटी द्वारा लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों के बाद अब स्थानीय पुलिस की सक्रियता और जवाबदेही पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

## श्री श्याम मित्र मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। बैठक में सर्वसम्मति से चंद्रप्रकाश खंडेलवाल को अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए लक्ष्मीनारायण गर्ग को उपाध्यक्ष, राजू प्रजापत को सह उपाध्यक्ष, रामावतार सैनी को कोषाध्यक्ष, राजेश गर्ग को सचिव, नरेश पंचोली को संस्थापक, सुभाष जांगिड को संगठन मंत्री, राकेश कुमार सोनी को संगठन महामंत्री, सुनील जांगिड को संयुक्त मंत्री, बृजमोहन जांगिड को सह संयुक्त मंत्री, चेतन सोनी को सह संगठन मंत्री, ओमप्रकाश सैनी को कार्यकारी मंत्री, मोहित रोहिल्ला को प्रचार मंत्री, धीरज जांगिड को मिडिया प्रभारी और लेखराज जांगिड को सोशल मिडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया।

# शाहपुरा सिंधी पंचायत के चुनाव संपन्न, लीलाराम वासवानी अध्यक्ष निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के चुनाव शनिवार रात संत कंवर राम धर्मशाला में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। समाज के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के बीच हुए इस चुनाव में लीलाराम वासवानी को अध्यक्ष, नरेश लखपतानी को सचिव और अशोक थावानी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही धर्मशाला परिसर में खुशी का माहौल छा गया और उपस्थित समाजजन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी।



चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज के सदस्यों के साथ पूज्य झूलेलाल मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान झूलेलाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी ने समाज की एकता, विकास और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

चुनाव टीम में अशोक आसवानी, नीरज राजवानी, विजय ठारवानी, हरिश छबलानी और ओम थावानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी देखरेख में मतदान और मतगणना की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई।

चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में लीलाराम वासवानी को 54 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी चेतन चंचलानी को 48 मत मिले। इसी प्रकार सचिव पद के लिए हुए चुनाव में नरेश लखपतानी को 71 मत मिले, जबकि मोहनलाल केवलानी को 32 मतों से संतोष करना पड़ा। कुल 104 समाजजनों ने मतदान में भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाई।

मतगणना के बाद जैसे ही परिणाम घोषित हुए, उपस्थित समाजजनों ने जयकारों के साथ विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लीलाराम वासवानी ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के सभी सदस्यों को साथ लेकर कार्य करेंगे और सामाजिक एकता व विकास को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को भी सामाजिक गतिविधियों में आगे आने का आह्वान किया।

वहीं निर्वतमान अध्यक्ष मोहन लखपतानी ने भी चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने वाले सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया और नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी समाज के हित में बेहतर कार्य करेगी और सिंधी समाज की परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

चुनाव के दौरान समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को सौहार्दपूर्ण और लोकतांत्रिक बताया। चुनाव संपन्न होने के बाद समाज में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने मिलकर सिंधी समाज की एकता और प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## महंगाई और गैस संकट के खिलाफ कांग्रेस का 'हल्ला बोल'

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आह्वान पर तथा ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री किशोर चौधरी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में हाल ही में 60 की बढ़ोतरी के विरोध में 15 मार्च (रविवार) को ब्यावर में विधानसभा स्तरीय संयुक्त विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन ब्यावर और जवाजा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि ने आम परिवारों के घरेलू बजट को बिगाड़ दिया है, वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत से छोटे व्यापारी, होटल व ढाबा संचालक भी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जनता की इन समस्याओं के खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और सड़क पर उतरकर आवाज बुलंद करेगी। इसी क्रम में 15 मार्च को प्रातः 11 बजे पाँच बत्ती, ब्यावर पर कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एकत्रित होकर 'हल्ला बोल' विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

एडवोकेट अजय शर्मा ने कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस संयुक्त आंदोलन को सफल बनाने और आम जनता की आवाज को मजबूत करने की अपील की है।

# युवा प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता संपन्न

## तारा, लोकेश, फिरोज एवं शेर मोहम्मद हुए विजेता

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा राज्य स्तरीय 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' शनिवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में संपन्न हुई। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता 14 मार्च 2026 शनिवार को शिल्पग्राम उदयपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. प्रेम भण्डारी, प्रो. डॉ. सुरेश शर्मा एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी आमेटा थी।



श्रीमती विजयलक्ष्मी आमेटा ने बताया कि लोक कलाओं की जानकारी प्रत्येक युवाओं को होनी चाहिए। प्रो. डॉ. सुरेश शर्मा ने बताया कि लोकनाट्य के लिए वेशभूषा, बोली आदि को मूल रूप में समझकर जो नाट्य प्रस्तुत होता है वो अद्भुत बन जाता है। डॉ. प्रेम भण्डारी ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा जो सफल नहीं हो पाए उनको अपनी कला को और बेहतर बनाने के लिए सलाह दी।

इस अवसर पर केन्द्र के सहायक निर्देशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, अधीक्षण अभियंता सी एल सालवी, कार्यक्रम कार्यकारी हेमंत मेहता एवं राकेश मेहता, दयाराम परमार आदि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का संचालन मुकुल औदिच्य व सिद्धांत भटनागर ने किया एवं धन्यवाद उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत ने दिया। इस प्रतियोगिता में लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य विधाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार रहे -

लोक नृत्य में पाली की तारा कुमारी कामड़, लोक गायन में बाड़मेर से शेर मोहम्मद, लोक वाद्य वादन में बाड़मेर से फिरोज खान मांगणियार तथा लोकनाट्य में उदयपुर से लोकेश कुमार विजेता रहे। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को 10 हजार रूपए पुरस्कार राशि तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये जावेंगे।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उदयपुर क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन कल

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

देश के अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नवस्थापित क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर का उद्घाटन 16 मार्च 2026 को बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कल्याण कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। अब तक उदयपुर क्षेत्र की बैंक शाखाओं का संचालन जोधपुर क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से किया जाता रहा है। उदयपुर में नए क्षेत्रीय कार्यालय के प्रारंभ होने से बैंकिंग सेवाओं के संचालन में अधिक सुविधा, गति एवं प्रभावशीलता आएगी तथा क्षेत्र की शाखाओं के प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आएगी।



नवस्थापित क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर के क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में श्री नितिन शर्मा को नियुक्त किया गया है। इनके अधीन उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, पाली, सिरोही, आबूरोड, सलूम्बर, प्रतापगढ़ एवं छोटी सादड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों की बैंक शाखाएं संचालित होंगी। उद्घाटन समारोह में दिल्ली अंचल के अंचल प्रमुख श्री शीशराम तुंदवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त श्री मेहेर कुमार पाणिग्रही (अंचल प्रमुख, जयपुर), श्री गजराज सिंह मीणा (उप अंचल प्रमुख, जयपुर) एवं श्री विभूति भूषण झा (क्षेत्रीय प्रमुख, जोधपुर) सहित बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है : चेतना भाटी

## आईसीएआई उदयपुर शाखा में महिला सदस्यों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

सेक्टर 14 स्थित द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उदयपुर शाखा की ओर से शनिवार को महिला सदस्यों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयपुर चेतना भाटी तथा मुख्य वक्ता के रूप में जोधपुर से सीएस रुपाली बोहरा उपस्थित रहीं।



उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला शक्ति समाज और पेशे दोनों की प्रगति की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि आज चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में भी महिलाएं नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं तथा आईसीएआई उदयपुर शाखा सदैव महिला सदस्यों को प्रोत्साहित करने एवं उनके विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

मुख्य अतिथि चेतना भाटी ने अपने संबोधन में चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि आज बड़ी संख्या में महिलाएं इस प्रतिष्ठित पेशे में आगे आ रही हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने उपस्थित महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के उत्साह और उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बनने का संदेश दिया।

मुख्य वक्ता सीएस रुपाली बोहरा ने 'अपने भीतर की देवी को पहचानें' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति, आत्मविश्वास और क्षमता को पहचानने का संदेश दिया तथा जीवन एवं पेशे में संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लगभग 100 महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन सीए प्रतिभा जैन, सीए राधिका पोखरणा एवं सीए प्रीति नाहर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा, कोषाध्यक्ष सीए कपिल जोशी, सिकासा अध्यक्ष सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी, तथा प्रबंध समिति सदस्य सीए राहुल माहेश्वरी एवं सीए अंशुल कटेजा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

अंत में शाखा सचिव सीए अरुणा गेलड़ा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 5,47,520 प्रकरण निस्तारित

## 30 करोड 61 लाख के अवार्ड पारित

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला एवं सैशन न्यायाधीश (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में शनिवार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। श्री गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उदयपुर मुख्यालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, बैक बीमा के अधिकारीगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।



एडीजे कुलदीप शर्मा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 5,47,520 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें लगभग 30 करोड 61 लाख के अवार्ड पारित किये गए ( समस्त न्यायालयो, अधिकरणों एवं आयोगो में लंबित 23,779 प्रकरण, प्रि-लिटिगेशन के 5,23,741 प्रकरण )। एडीजे श्री शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर प्रकरण का हमेशा के लिए निस्तारण हो जाता है। निस्तारित प्रकरण की अपील नहीं होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर पक्षकारों द्वारा दी गई कोर्ट फीस पुनः लोटा दी जाती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने से पक्षकारों में आपसी भाईचारे एवं सोहार्द की भावना बनी रहती है । राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के समय अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता राजस्व अधिकारी, एल.एन.टी फाईनेंस, बजाज फाईनेंस, उद्गम, फिनोवा, हिरो, सुन्दरम, बैंक ऑफ इंडिया, एस.बी.आई., बी.एस.एन.एल., इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आर.जी.बी., एस.बी.आई. कार्डस, कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीबी फाइनेंस, अंबित फाइनेंस, एक्सिस बैंक, जनाजाना स्मॉल, यूनियन बैंक, श्रीराम फाइनेंस, एक्मे फिनट्रेड, आईआईएफएल, फिनोवा, आरबी.एल., बंधन, के अधिकारीगण एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु उदयपुर मुख्यालय एवं तहसीलों पर स्थित न्यायालयों पर कुल 15 बेंचां का गठन किया गया था।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्र व्यापी महा विरोध धरना प्रदर्शन

## केंद्र की भाजपा सरकार की गलत विदेश नीति के कारण देश प्रदेश में ईंधन/ एलपीजी गैस की भारी कमी, -घरेलू गैस की कम आपूर्ति, बढ़ती हुई कीमत, कालाबाजारी और बेहताशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

### धरना प्रदर्शन एवं मोदी सरकार का पुतला दहन

स्मार्ट हलचल



**विराटनगर।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के राष्ट्र व्यापी महा विरोध धरना प्रदर्शन के अंतर्गत प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निदेशानुसार जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर की अध्यक्षता में कोटपूतली नगर परिषद के सामने केंद्र की भाजपा सरकार की गलत विदेश नीति के कारण देश प्रदेश में ईंधन/ एलपीजी गैस की भारी कमी, घरेलू गैस की कम आपूर्ति, बढ़ती हुई कीमत, कालाबाजारी और बेहताशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन एवं मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया।कॉंग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच देश में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने के मुद्दे पर केंद्र सरकार और उनकी गलत विदेश नीति पर जमकर निशाना साधा।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में केंद्र की मोदी सरकार देश के हितों की रक्षा करने में बुरी तरह विफल रही है, जिसके कारण देश में ईंधन संकट की भारी स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 60 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आमजन का घरेलू बजट प्रभावित हुआ है। साथ ही शादी-विवाह और समारोहों के सीजन में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई भी बाधित हो रही है, जिससे होटल, कैटरिंग और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव राम स्वरूप कसाणा ने केंद्र की सरकार को घेरते हुए कहा कि देश में पहले से ही महंगाई लगातार बढ़ रही है और खाद्य पदार्थों, सब्जियों, पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस सहित रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में घरेलु गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानी और बढ़ा दी है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत ने धरनार्थीयों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने एक समय सस्ती रसोई गैस देने का वादा किया था और राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात भी कही गई थी लेकिन अभी तक आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मिडिल ईस्ट के हालात के कारण खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर भी मोदी सरकार की ओर से कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि गैस सिलेंडर की कीमतों पर नियंत्रण कर आम जनता को राहत दी जाए और ईंधन आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए तो कॉंग्रेस पार्टी आमजन के हित में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

संगठन महामंत्री वीक नवल ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में पूर्व मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत, पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा, बहरोड़ से कॉंग्रेस विधायक प्रत्याशी रहे संजय यादव, डॉ ' ष्ट यादव, पूर्व चेयरमैन एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, ज्योति बा फूले संस्थान के जिलाध्यक्ष श्री हनुमान सैनी, प्रदेश सरपंच संघ उपाध्यक्ष श्री जगमाल सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष मानवाधिकार व आरटीआई विभाग एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश गुप्ता, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पारीक, अशोक मुदगल नीमराना, पीसीसी महासचिव देव कसाणा, पीसीसी सचिव जगदीश मीणा, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव कविता टोरड़ा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव नरेंद्र प्रताप कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ अभिलाष मीणा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू रावत, जिला अध्यक्ष (स्माश जगदीश मीणा, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष सैनी,कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह लीडर, कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष तारा पूतली, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जीतू आर्य, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश जिंदल जिला सरपंच संघ अध्यक्ष शीशराम दायमा विराटनगर प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया लाल सराधना कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष मुन्नानुदीन कुरैशी, कांग्रेस स्ट विभाग के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सतीश मांडिया

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल आर्य, छात्र संघ अध्यक्ष विकास खाड़ीया विराट नगर शर्मिला यादव बहरोड़, युवा नेता प्रदीप गुर्जर, नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी, सांवत चनिजा मुगल पूर, रजनीश पुरोहित, रेखा यादव, जगदीश खेमजी, जन प्रमुख रामोतार सैनी, योगेश सैनी, सुरेंद्र बबेर वाल, विजय सैनी, राकेश छावड़ी, मुकेश यादव बानसूर विकास वर्मा, मौजी राम यादव, युवा विधानसभा कॉंग्रेस अध्यक्ष राकेश रावत आदि ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के खिलाफ उनकी तानाशाही और मनमानी भ्रष्ट नीतियों के विरुद्ध सदैव संघर्ष के लिए तैयार रहने का भरोसा दिलाया।

संगठन महामंत्री ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष सर्व-स्त्र1. सतीश निमोरिया, विकास यादव बहरोड़, विकास सिंह शेखावत माजरी कलां, महेन्द्र रातावाला विराट नगर, प्रधान महादेव यादव पावटा, भीम सिंह गुर्जर बानसुर, राजू रैगर नारायण पूर, संजय चौहान नीमराना आदि बड़ी संख्या में अपने अपने क्षेत्रों के सभी मंडल अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों और कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं सहित धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन में जिला भर से आये कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं में श्याम सुंदर शर्मा, रामस्वरूप मुक्कड बानसुर, वेद प्रकाश सैनी शहर अध्यक्ष नीमराना, मंडल अध्यक्ष अमित योगी बहरोड़, वेद प्रकाश बाकोलिया मंडल अध्यक्ष,

माश छोटे लाल सामरिया, बदलू राम आर्य, जगदीश मेघवाल, रमेश सैनी (शब्जी मंडी), पवन सैनी, ओमप्रकाश सैनी, राम कुमार सैनी पार्षद, राजीव ढहरवाल,सरपंच राम शरण गुर्जर, राजेश यादव बड़ नगर, विनोद सैनी भोना वास, मण्डल अध्यक्ष सचिन रावत, सरपंच संतोष गुर्जर नौरंगपूरा, इंद्राज कसाणा सुन्दर पूरा, अभिषेक रावत, अशोक गुर्जर पहाड़ी, मुकेश मुक्कड, प्रभु रावत, मेहर सिंह भालोजी, वीर सिंह जाट, भागीरथ मीणा, मोहित यादव, हरीश शर्मा देवली,विनोद सैनी, सोहनलाल यादव, बजरंग यादव, गोपाल सिंह, बंसी गुर्जर, अशोक आर्य, पुष्पइंद्र बाल्मीकि, आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

धरने के बाद धरनास्थल जिला मुख्यालय नगर परिषद कार्यालय कोटपूतली के सामने से नगर पालिका तिराहे तक गैस सिलेंडर व भाजपा सरकार के पुतले की शवयात्रा निकालकर नगर पालिका तिराहे पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

धरना, प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम एवं मंच संचालन आदि की व्यवस्था ब्लॉक अध्यक्ष कोटपूतली श्री प्रकाश चंद सैनी (पूर्व चेयरमैन) और प्रदीप गुर्जर ने की।

# वीरगांव में महिलाओं के हाथों 80 लाख के विकास कार्यों का कराया शिलान्यास व लोकार्पण



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम वीरगांव में विकास को नई दिशा देते हुए विधायक राजेंद्र मीणा ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ पंच-पटेलों, एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में लगभग 80 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करवाया। विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा मातृशक्ति के हाथों शिलान्यास और लोकार्पण कराने पर ग्रामीणों सहित आम जन ने इस प्रकार के कार्य करने की विधायक की प्रशंसा की है।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने ने कहां की यह मेरा सौभाग्य है कि महिलाओं के साथ आप सबके सहयोग से राजस्थान की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में मुझे भेजने का कार्य आप द्वारा किया गया है जिसके चलते आज क्षेत्र का विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जा रही है।

विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया कि मुख्य आबादी क्षेत्र में सी.सी. सड़क निर्माण, परीत बाबा आश्रम से वीरगांव होलिका चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य तथा अन्य संपर्क सड़कों के निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान वीरगांव के ग्रामीणों ने विधायक राजेंद्र मीणा का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों का स्नेह और सम्मान देखकर विधायक भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि आप सभी के स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद से क्षेत्र के समग्र विकास का हमारा संकल्प लगातार जारी है। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि ग्रामवासियों का विश्वास और प्यार ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, इसी के बल पर क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

इस अवसर पर ग्रामीण माता बहनो सहित गांव के पंच पटेल ग्रामीणजन जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### धौलखेड़ा व ऊकरूंद में विधायक राजेंद्र मीणा ने विकास की दी सौगात

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण, पशु चिकित्सालय भवन का किया शिलान्यास

स्मार्ट हलचल



**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र के ऊंकरूंद व धौलखेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीणा ने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के तहत विधायक राजेंद्र मीणा ने ग्राम धौलखेड़ा में गांव के पंच पटेल और ग्रामीण की उपस्थिति में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत मुख्यालय ऊंकरूंद में पंच-पटेलों और ग्रामीणों की मौजूदगी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (लगभग 41 लाख रुपए की लागत) का लोकार्पण किया गया जिसके बाद महवा विधायक राजेन्द्र मीणा स्वागत सम्मान किया गया है तथा पशु चिकित्सालय भवन (लगभग 47 लाख रुपए की लागत) का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और पशुपालकों को सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता है। इन दोनों परियोजनाओं के शुरू होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उनका संकल्प लगातार जारी है और जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की किसी प्रकार से कमी नहीं रहने दी जाएगी। वहीं क्षेत्र में अनेक प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों ने अनेकों मांगों को लेकर विधायक से मांग की गई है जिसमें विधायक ने जल्दी ही करोड़ों रुपए की सौगात देने का वादा किया है।

इस मौके पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रोहित शर्मा, मंडावर अस्पताल पीएमओ डॉक्टर नरसी राम मीणा, पूर्व सरपंच राम सिंह मीणा , समाजसेवी रामफूल पटेल, राजेश ऊंकरूंद, पवन ऊंकरूंद, रघुवीर मेम्बर, गजराज ऊंकरूंद, वकील ऊंकरूंद, जगदीश मीना, नंदलाल मीणा, रोशन टहलड़ी, सतीश नौरंगपुरा, खुशीराम राजगढ़ ,नीरज ऊंकरूंद,र विमोहन मंडावर दिनेश रायपुर, मनीष बालाहेडा गिरधारी मीना काडू पटेल रामगोपाल ऊकरूंद सहित गांव के पंच पटेल सैकड़ों ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# 17 दिन-9000 किमी पीछा, आखिर पकड़े गए मंदिर चोरः नागौर पुलिस ने 20 किलो चांदी का सामान किया शत प्रतिशत बरामद

## मन्दिर का पूर्व पुजारी ही निकला चोरी का मास्टर माइंड-7 राज्यों तक घुमाया पुलिस को-आखिर धरे गए आरोपी

स्मार्ट हलचल



**नागौर/टोंक।** जिले के मूंडवा थाना क्षेत्र स्थित वेंकटेश मंदिर में हुई चोरी के मामले में नागौर पुलिस ने शानदार कार्यशैली का परिचय देते हुए 17 दिन में देश के कई राज्यों में करीब 9000 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा कर चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में प्रभावी और पेशेवर पुलिसिंग का उदाहरण माना जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक नागौर मृदुल कच्छावा (आईपीएस) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में मूंडवा थाना प्रभारी सुरेश कुमार चौधरी पुलिस निरीक्षक की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से इस जटिल मामले का खुलासा किया।

### मंदिर से 20 किलो चांदी का सामान हुआ था चोरी

जानकारी के अनुसार 16 फरवरी 2026 की रात मूंडवा के वेंकटेश मंदिर में अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर करीब 20 किलो चांदी के धार्मिक बर्तन और पूजन सामग्री चोरी कर ली थी। घटना के बाद क्षेत्र में श्रद्धालुओं में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया था।

### 1500 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, कई राज्यों में दबिश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 1500 सीसीटीवी फुटेज, 50 बस स्टैंड, 13 रेलवे स्टेशन और 3 एयरपोर्ट के आसपास की गतिविधियों की जांच की। तकनीकी विश्लेषण से आरोपियों की लोकेशन मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की ओर मिली।

### देश के 7 राज्यों में 9000 किमी तक पीछा

पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा करते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा सहित कई राज्यों में लगातार दबिश दी। करीब 17 दिनों तक 9000 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

### चोरी का पूरा सामान मध्यप्रदेश से बरामद

पूछताछ में आरोपियों ने चोरी का सामान कटनी (मध्यप्रदेश) में छिपाकर रखना बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर मंदिर से चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया।

### पूर्व पुजारी ही निकला मास्टरमाइंड

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी हर्ष कुमार द्विवेदी कुछ समय पहले मंदिर में पुजारी के रूप में काम कर चुका था, इसलिए उसे मंदिर में रखी चांदी की सामग्री और रास्तों की पूरी जानकारी थी। उसने अपने साथी राहुल रजक के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

हर्ष कुमार द्विवेदी (37) निवासी कटनी, (मध्यप्रदेश), राहुल रजक (19) निवासी कटनी, (मध्यप्रदेश।

इस कार्रवाई में मूंडवा थाना प्रभारी सुरेश कुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार मेहनत करते हुए मामले को सुलझाया। टीम में रामनिवास, भीयाराम, मनफूल और रामलाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस की कार्यशैली की सराहना-मूंडवा में दिवाली जैसा जश्न-पुलिस टीम का गाजे-बाजे से स्वागत

मंदिर चोरी के मामले में पूरे चोरी गए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी और अंतरराज्यीय स्तर पर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर नागौर पुलिस की कार्यशैली की क्षेत्र में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों ने इसे उत्सव की तरह मनाते हुए दिवाली जैसा माहौल बना दिया। क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम आयोजित कर थानाधिकारी सुरेश कुमार चौधरी सहित पूरी पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा– 'थानेदार हो तो सुरेश चौधरी जैसा।' साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक नागौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी मूंडवा के प्रति भी आभार जताया गया। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ र-ैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोगों ने नाचते-गाते हुए पुलिस की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि तेजी और पेशेवर तरीके से चोरी का खुलासा कर पूरा सामान बरामद करने से क्षेत्र में पुलिस के प्रति भरोसा और सम्मान और मजबूत हुआ है।

# क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई रफ्तारः मीणों का नयागांव देवस्थान तक फोरलेन सड़क स्वीकृत

## गोरधा-चिकल्या व चिकल्या-पीपलाज मार्ग पर बॉक्स पुलिया से बरसात में नहीं रुकेगा रास्ता

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अजमेर-कोटा राजमार्ग संख्या 26 से मीणों का नयागांव स्थित श्रीदेवनारायण मंदिर तक लगभग 1.5 किलोमीटर फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही गोरधा से चिकल्या मार्ग के बीच बॉक्स पुलिया तथा एमडीआर-155 पर चिकल्या-पीपलाज मार्ग के बीच बॉक्स पुलिया निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई है। बताया जा रहा है कि इन विकास कार्यों की घोषणा वित्त एवं विनियोग विधेयक पर हुई बजट चर्चा के दौरान की गई थी। अब प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और बरसात के समय होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।

### धार्मिक स्थल तक आवागमन होगा सुगम

अजमेर-कोटा राजमार्ग से मीणों का नयागांव स्थित श्रीदेवनारायण मंदिर तक फोरलेन सड़क बनने से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अभी तक सड़क संकरी होने के कारण आवागमन में परेशानी होती थी, लेकिन फोरलेन सड़क बनने से यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### बरसात में बड़ी राहत देगा पुलिया निर्माण

गोरधा-चिकल्या मार्ग तथा चिकल्या-पीपलाज मार्ग पर बॉक्स पुलिया निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी। बरसात के मौसम में पानी का बहाव तेज होने के कारण इन रास्तों पर आवागमन



बाधित हो जाता था और कई बार ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाकर दूसरे रास्तों से गुजरना पड़ता था। पुलिया बनने से अब ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी तथा वर्षभर सुचारू आवागमन संभव हो सकेगा।

### लंबे समय से उठ रही थी मांग

इन दोनों पुलिया निर्माण कार्यों की मांग को लेकर राजस्थान किसान मजदूर नौजवान सभा सावर तहसील अध्यक्ष देवी लाल लोधा लगातार प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष यह मुद्दा उठाया गया था। देवी लाल लोधा ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर पुलिया निर्माण की मांग रखी थी और मुख्यमंत्री निवास पर जाकर लिखित प्रार्थना पत्र भी सौंपा था। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम से केकड़ी स्थित उनके निवास पर भी कई बार मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया गया।

### विभिन्न जनप्रतिनिधियों से की थी गुहार

किसान नेता देवी लाल लोधा ने बताया कि क्षेत्र की समस्या को गंभीरता से उठाते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान के राज्यपाल रहे स्वर्गीय कल्याण सिंह चौहान के पुत्र पुर्व केबिनेट मंत्री राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया से भी मुलाकात कर ग्रामीणों की परेशानी बताई थी और पुलिया निर्माण के लिए सहयोग की अपील की थी। लगातार प्रयासों के बाद अब इन कार्यों को स्वीकृति मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार

विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने के बाद गोरधा, चिकल्या, पीपलाज, मीणों का नयागांव सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने खुशी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। ग्रामीणों और किसान नेताओं ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई गति

स्थानीय लोगों के अनुसार फोरलेन सड़क और पुलिया निर्माण कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र के कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी बल्कि विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए भी आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यों से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। लोगों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर समय पर पूरा होगा, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा । इस स्वीकृति पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवेन्द्र मेघवंशी और भाजपा बूथ अध्यक्ष रामचरण मोटीस ने भी क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। इस स्वीकृति पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवेन्द्र मेघवंशी तथा भाजपा बूथ अध्यक्ष रामचरण मोटीस,भाजपा बावन माता मंडल उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद जांगीड़ ने भी क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# सड़क चौड़ीकरण में भेदभाव का आरोप, ग्रामीणों ने जताया रोष

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत स्टेट हाइवे 52 चतरपुरा से चांदपुरी होते हुए अजबपुरा को जोड़ने वाली सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य इन दिनों विवादों के घेरे में आ गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही 8.50 किलोमीटर लंबी इस सड़क का उद्घाटन विधायक देवीसिंह शेखावत द्वारा किया गया था। वर्तमान में राजपुरा सिक्ख गाँव के बीच से गुजरने वाली इस सड़क को, जो पहले मात्र 10 फीट चौड़ी थी, उसे बढ़ाकर 24 फीट किया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत द्वारा आबादी भूमि में सड़क के मध्य से दोनों ओर 12-12 फीट का अतिक्रमण जेसीबी की सहायता से पक्के निर्माणों को ध्वस्त कर हटाया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरी कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए दो प्रभावशाली व्यक्तियों के अतिक्रमण को छोड़ दिया है, जबकि अन्य सभी ग्रामीणों के निर्माण हटा दिए गए। प्रशासन के इस दोहरे मापदंड और भेदभावपूर्ण कार्रवाई से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने मौके पर एकत्रित होकर ग्राम पंचायत के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शेष बचे हुए लोगों का अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो सड़क का निर्माण कार्य आगे नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, इस मामले को लेकर थानागाजी विकास अधिकारी आमीर अली ने बताया कि बचे हुए अतिक्रमण पर नियतिगत एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व कर्नल रामकरण यादव, रामावतार वर्मा, मुरारी शर्मा, विजेंद्र मिस्त्री, सोमवती देवी, छीतरमल सैनी, दयाराम यादव, नागराज, अशोक यादव, रमेश शर्मा, प्रहलाद प्रजापत, संतोष सैनी, लहरी बलाई, बनवारी शर्मा, शिम्भू सैनी, लड्डू राम, रमेश, मनोहर लाल, शीला देवी, सरोज देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौजूद रहीं।

# हाड़ौती पर्यटन को मिली नई दिशा, कोटा ट्रैवल मार्ट रहा ऐतिहासिक : दीया कुमारी

## जनवरी 2027 में फिर होगा कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट, तैयारियां शुरू

स्मार्ट हलचल| कोटा/जयपुर

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान एवं कोटा डिवीजन के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को जयपुर सचिवालय स्थित उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी से भेंट कर हाल ही में आयोजित कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के सफल आयोजन में राज्य सरकार और पर्यटन विभाग के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल में होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, सचिव रणविजय सिंह, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा, कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी तथा मुख्य सलाहकार अनील मुन्दड़ा शामिल थे।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, कोटा डिवीजन द्वारा किए गए प्रयासों से कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट का आयोजन भव्य और ऐतिहासिक रहा। देशभर में रोड शो आयोजित कर कोटा सहित हाड़ौती क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों टूर ऑपरेटर, पर्यटन विशेषज्ञ, राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि, ब्लॉगर्स और पर्यटक इसमें शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जयपुर के बाद पहली बार राज्य के पर्यटन विकास की दृष्टि से कोटा में इस प्रकार के ट्रैवल मार्ट का आयोजन एक सफल प्रयोग साबित हुआ है। महानगरों की तर्ज पर आयोजित यह कार्यक्रम हाड़ौती क्षेत्र के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ है और अब यह क्षेत्र राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने आयोजकों से ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने उप मुख्यमंत्री का हाड़ौती में ट्रैवल मार्ट जैसा बड़ा आयोजन कराने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

माहेश्वरी ने बताया कि ट्रैवल मार्ट के बाद भी देश के 26 राज्यों से आए टूर ऑपरेटरों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखा जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कई पर्यटक दल हाड़ौती क्षेत्र के भ्रमण पर आए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट 6 से 10 जनवरी 2027 तक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि चार दिवसीय इस आयोजन के दौरान कोटा के साथ-साथ बूंदी, बारां और झालावाड़ में भी एक-एक दिन की गतिविधियां आयोजित करने की योजना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले टूर ऑपरेटर इन क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों का भी अवलोकन कर सकें। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी एवं उनकी टीम ने कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट को जिस स्तर तक पहुंचाया, वह सराहनीय है। इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रशंसा मिली और पर्यटन क्षेत्र में इसकी गूंज देशभर में सुनाई दी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री से जनवरी 2027 में कोटा में प्रस्तावित ट्रैवल मार्ट को स्वीकृति देने का आग्रह करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से ऐसे आयोजन होते रहे तो राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक सशक्त पहचान स्थापित करेगा।

# सुनेल में पेयजल व्यवस्था बदहाल कहीं गंदा पानी तो कहीं कम दबाव

स्मार्ट हलचल|सुनेल

कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रंजा चौक और नवलपुरा सहित कई क्षेत्रों में नलों से मटमैला व बदबूदार पानी आ रहा है, वहीं कई मोहल्लों में कम दबाव से पानी की सप्लाई हो रही है। भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल संकट गहराने लगा है, जिससे मोहल्लेवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह जब नलों में पेयजल सप्लाई शुरू होती है तो शुरुआती 10 से 15 मिनट तक गंदा और बदबूदार पानी आता है। इसके बाद धीरे-धीरे पानी कुछ साफ होता है, लेकिन तब तक काफी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है। रंजा चौक और नवलपुरा क्षेत्र के बंटी शर्मा, रामबाबू, राहुल सहित कई लोगों का कहना है कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है। मोहल्लेवासियों का मानना है कि जलदाय विभाग की पुरानी पाइप लाइनें जर्जर हो चुकी हैं, जिससे कहीं-कहीं लीकेज होने के कारण



नालियों का गंदा पानी पाइप लाइन में मिल रहा है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को कई बार जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। गर्मी के मौसम में पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल नहीं मिलने से लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने जलदाय विभाग से मांग की है कि पाइप लाइन की जांच कर लीकेज को ठीक कराया जाए और स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

# मोहम्मद निजामुद्दीन बने अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव

स्मार्ट हलचल|हिंडौन सिटी

राजस्थान में कांग्रेस संगठन में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा जारी सूची में भट्टा कॉलोनी निवासी मोहम्मद निजामुद्दीन को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

मोहम्मद निजामुद्दीन को संगठन को मजबूत करने और अल्पसंख्यक समाज के बीच पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंप गई उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाज में खुशी की लहर है।निजामुद्दीन के समर्थकों ने मिठाई बांट कर खुशी



का इजहार किया इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी, एमडी चोपदार सहित पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए मोहम्मद निजामुद्दीन ने आभार प्रकट किया।

# गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेसियों ने हिंडौन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फूंका पुतला, जमकर की नारेबाजी

## मोदी सरकार की विदेश नीति फेल

स्मार्ट हलचल| सूरौठ

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शनिवार को हिंडौन के चौपड सर्किल पर सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम बढ़ाने एवं बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने कहा कि देश भर में गैस की किल्लत से हालात बहुत खराब है इस संकट को दूर करने के लिए सरकार को पहले से ही ध्यान देना चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को मोदी सरकार सही जवाब



नहीं दे पा रहे हैं। देश में गैस के लिए हाहाकार मचा हुआ है सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद भजनलाल जाटव ने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से फेल हो चुकी है एलपीजी महंगी हो गई है सिलेंडर लोगों को मिल नहीं पा रहे हैं केंद्र सरकार द्वारा देश के साथ बहुत बड़ा धोखा किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेसियों ने कहा कि अगर केंद्र की मोदी सरकार ने गैस की किल्लत को दूर कर कीमतों को कम नहीं किया तो राजस्थान ही नहीं देश के कोने कोने में आने वाले समय में कांग्रेसी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस पार्टी केंद्र व राज्य सरकारों को जगाने के लिए यह विरोध प्रदर्शन कर रही है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष घनश्याम महर, सांसद भजनलाल जाटव, हिंडौन नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा, हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र मावई, शहर अध्यक्ष एजाज अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल, हिंडौन देहात ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, देवी सहाय दत्तात्रेय, पार्षद नरेश गुर्जर, कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शीतल प्रसाद शुक्ला, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, जिला महामंत्री अंतू लाल जाट, हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ भरत डागुर, रामचरण खुरसटपुरा, डॉ हिम्मत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र कुमार पंडा, ब्लॉक सचिव राजकुमार जाटव, रामजीलाल सैनी, कांग्रेस के श्री महावीर जी मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह गुर्जर, भैरौ सिंह मीणा, तारा गुर्जर, डॉ मजीद खान, कमल सैनी, हनुमान तिघरिया, प्रहलाद कुमार, रामवीर गुर्जर, सुरेंद्र कुमार जाट सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जाटव समाज का चुनाव आज

स्मार्ट हलचल |सूरौठ

जाटव समाज के सूरौठ तहसील अध्यक्ष का चुनाव 15 मार्च को यहां समाज के शिव मंदिर परिसर में होगा। जाटव समाज के पूर्व तहसील अध्यक्ष सत्येंद्र जाटव ने बताया कि जिला जाटव सुधार समिति दोसा करौली सवाई माधोपुर 360 गांव की शाखा तहसील सूरौठ के जाटव समाज की बैठक 15 मार्च को दोपहर 3 बजे शुरू होगी जिसमें समाज के सूरौठ तहसील के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। बैठक में तहसील क्षेत्र के सभी जाटव समाज के लोगों को बुलाया गया है।

# 29 को सीएम आवास का होगा घेराव

स्मार्ट हलचल | बानसूर

29 मार्च को सीएम आवास घेराव को लेकर शनिवार को स्थानीय श्री राजपूत छात्रावास में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने 29 मार्च को ष्टरू आवास घेराव के लिए आह्वान करते हुए कहा की अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचे। उन्होंन कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्यारे जो विदेश में छिपे हुए हैं उनको जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उन्हें फांसी की सजा दी जाए। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभयराज सिंह ,कोटपूतली बहरोड जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह कोथल, जिला प्रवक्ता ओमपाल राज चौहान ,विधानसभा अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राजावत ,राजपूत समाज अध्यक्ष पूर्ण सिंह शेखावत ,रघुवीर सिंह शेखावत योगेश सिंह बिडाला,कृष्ण सिंह, पिंकू सिंह राघव खड़क सिंह, सुरेंद्र सिंह चौहान, भीम सिंह, नीटू सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ सब-इंस्पेक्टर मोहर सिंह गुर्जर को नम आंखों से अंतिम विदाई

## सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के ग्राम मोरोड़ी निवासी सीआरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहर सिंह गुर्जर का शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार शाम करीब 4 बजे उनकी पार्थिव देह गांव से लगभग चार किलोमीटर पहले जैनपुरा बास पहुंची, जहां से तिरंगा यात्रा के रूप में पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव मोरोड़ी लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में युवाओं ने 'शहीद जवान अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शाम करीब 5 बजे जैसे ही मोहर सिंह की पार्थिव देह उनके घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेसुध हो गए। वीरांगना पत्नी संता देवी अपने पति के अंतिम दर्शन करते ही बेहोश हो गई, वहीं बेटियां अपने पिता की पार्थिव देह को देखकर फूट-फूटकर रोने लगीं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें संभाला और ढांढस बंधाया।

इसके बाद शाम करीब पौने 6 बजे मोरोड़ी गांव की भोपा वाली ढाणी में स्थित उनके खेत में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके बड़े बेटे रामकिशन ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।सीआरपीएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए उन्हें अंतिम सलामी दी। इस मौके पर स्थानीय विधायक देवी सिंह शेखावत, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, उपखंड अधिकारी अनुराग हरित, तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़, थाना प्रभारी जनमेजाराम सहित कई जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों, सीआरपीएफ के अधिकारियों व परिजनों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों को सांत्वना दी। पूर्व सरपंच धर्मवीर रावत ने बताया कि मोहर सिंह 8 मार्च को करीब 20 दिन की छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थें। उनके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। छोटा बेटा राकेश हाल ही में अग्निवीर के रूप में सेना में भर्ती हुआ है और वर्तमान में मध्यप्रदेश के सागर में तैनात है, जबकि बड़ा बेटा रामकिशन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। मोहर सिंह के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

# ब्यावर में भाजपा का कुटुंब सम्मेलन 15 मार्च को: प्रदेशाध्यक्ष सहित कई मंत्री होंगे शामिल, 2000 से अधिक कार्यकर्ता भी जुटेंगे

स्मार्ट हलचल | अनिल कुमार

**ब्यावर।** भाजपा की ओर से 15 मार्च को कुटुंब सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। होली के अवसर पर होने वाले इस सम्मेलन में 2000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ होंगे। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश वोभड़ाना, भाजपा प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम और प्रदेश





उपाध्यक्ष सरिता गैना भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व विधायक एवं भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विधानसभा के छहों मंडलों के प्रमुखजनों ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया है। भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक पवन जैन ने बताया कि कार्यकर्ताओं में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। शहरभर में कार्यक्रम की चर्चा है।

सम्मेलन में विभिन्न समाजों, संस्थाओं के प्रमुखजनों, प्रबुद्ध नागरिकों तथा पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक गार्डन में बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियां तय की गई और आयोजन को व्यवस्थित करने पर चर्चा हुई।

बैठक में पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा, कार्यक्रम संयोजक पवन जैन, सह संयोजक चेतन गोयर, कर्णसिंह रावत, मंजू जांगिड़, बृजकिशोर शर्मा, शिवप्रकाश शर्मा, प्रभु सिंह रावत, योगेश शर्मा, कानाराम गुर्जर, राजेश्वरी यादव, मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, एडवोकेट विजय दगदी, संतोष रावत, जयसिंह सुवाहा, प्रदीपसिंह रावत, कुशालसिंह रावत उपस्थित रहे।

इनके अतिरिक्त विभिन्न समितियों के प्रमुख सुरेश व्यास, बुधराज शर्मा, सत्येंद्र यादव, संतोष जागृत, कृष्णा भूतड़ा, हिमांशु शर्मा, ललित आसरा, मुकेश घावरी, जितेंद्र ठठेरा, लीला रावत, तारा सोनी, शिखा गुप्ता, तिलोक शर्मा, जितेंद्र सोनी, नरेश मित्तल, जितेंद्र कांवड़िया, भूदेव आर्य, नवल किशोर मुरारका, दीपक चौहान, मनीष बंसल, चंदन बिलोनिया, रुपेश कोठारी, अभदेव धुत्त, संतोष दगदी, निखिलपाल सिंह, अमरचंद कुमावत सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, सोजत विधायक शोभा चौहान तथा आसिंद विधायक जब्बर सिंह सांखला उपस्थत रहेंगे।

इसके अलावा जिले के साथ-साथ बदनौर और जेतारण क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार यह कुटुंब सम्मेलन संगठनात्मक एकता और सामाजिक समरसता का बड़ा मंच बनेगा।

### संगीत के सुरों में बही राष्ट्रभक्ति की धारा, कोटा विश्वविद्यालय में संगीतमय स्वरांजलि

# संगीत राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को जोड़ने का माध्यम : कुलगुरु सारस्वत

## देशभक्ति के राग में डूबा कोटा विश्वविद्यालय सभागार, 'शताब्दी स्वर-वंदे मातरम' ने जगाई राष्ट्रीय चेतना

स्मार्ट हलचल| कोटा

शास्त्रीय संगीत की मधुर लय, सुरों की गूंज और शब्दों में रची-बसी राष्ट्रभक्ति की भावधारा ने शनिवार को कोटा विश्वविद्यालय परिसर को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'शताब्दी स्वर-वंदे मातरम्' कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने श्रोताओं के हृदय में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया।

विश्वविद्यालय परिसर स्थित फार्मेसी विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत की गंभीरता और देशभक्ति के ओजस्वी भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वर, लय और भावों





की समन्वित प्रस्तुति ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रस से सराबोर कर दिया। डीन पीजी स्टडीज प्रो. घनश्याम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ संघ प्रचारक राजेन्द्र द्विवेदी रहे, जबकि अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने की। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित गौतम काले (इंदौर) एवं उनके समूह तथा डॉ. पामिल मोदी एवं उनके दल ने शास्त्रीय शैली में देशभक्ति गीतों की प्रभावी प्रस्तुति दी। सुरों की मधुरता और भावों की गहनता ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति के माध्यम से 'वसुंधरा परिवार हमारा... ', 'पूज्य मां की अर्चना का... ', 'ले चले हम राष्ट्र नौका... ', 'हम करें राष्ट्र आराधन... ', 'मन समर्पित तन समर्पित...' जैसे गीतों ने राष्ट्रप्रेम, समर्पण और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा के भाव को सजीव कर दिया। इन गीतों की प्रस्तुति में स्वर और भाव का ऐसा समन्वय था, जिसने श्रोताओं के मन में देशभक्ति के रस का संचार किया और वातावरण को आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभाव से परिपूर्ण बना दिया।

मुख्य अतिथि राजेन्द्र द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में संघ के शताब्दी सफर का उल्लेख करते हुए राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना पर बल दिया। कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन की गौरवपूर्ण परंपरा, राष्ट्रभक्ति और भारतीय सांस्कृतिक चेतना को संगीत के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष तथा संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस प्रकार के आयोजन मातृभूमि को नमन करने के साथ ही युवा पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि स्वरांजलि के माध्यम से प्रस्तुत गीतों में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, उनके राष्ट्रप्रेम और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावनाओं को सुरों और शब्दों के माध्यम से सजीव किया गया। इस अवसर पर प्रो. रीना दाधीच, प्रो. एम.एल. साहू, प्रो. रंजन माहेश्वरी, प्रो. भवानी, प्रो. विजय सिंह, आयोजन समिति के सचिव संतोष कुमार मीणा, सह संयोजक डॉ. विक्रांत शर्मा, सरिता सौलंकी, डॉ. चमन तिवारी, संघ के सहकार्यवाहक श्याम नागर, बाबू लाल भाट, राधेश्याम वशिष्ठ, ओम त्रिपाठी, प्रमोद राठौड़, अरविंद सिसोदिया, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सूरौठ में कैला देवी पदयात्रियों के लिए वितरित किए 10 क्विंटल फल



स्मार्ट हलचल|सूरौठ

उत्तरप्रदेश, हरियाणा एवं दिल्ली की ओर से पैदल चलकर कैलादेवी जाने वाले पद यात्रियों की आवभगत में क्षेत्रवासी जुट गए हैं। हिंडौन बयाना मार्ग स्थित सूरौठ बस स्टैंड के पास ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर एवं गोवर्धन भक्त मंडल के अध्यक्ष भगवान सिंघल की ओर से करीब 10 क्विंटल फल पद यात्रियों के लिए बांटे गए। बताया गया कि बाबूलाल पाराशर ने 8 क्विंटल एवं भगवान सिंघल ने 2 क्विंटल चीकू, संतरा आदि फल कैला देवी पदयात्रियों के लिए वितरित किए। हिंडौन बयाना मार्ग पर कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पदयात्रा के लिए प्रसादी, पेयजल एवं चिकित्सा उपलब्ध करवाई है। हिंडौन बयाना मार्ग पर पद यात्रियों की वजह से मेले जैसा माहौल बना हुआ है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com